# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 4 अक्टूबर 2024

संवत 2081, आश्विन शुक्ल 2 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 30 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ नौरात्रि : नौ शक्तियों का मिलन पर्व

पर्सनल लाइफ को लेकर अनन्या ने किया खुलासा ◂◂ 6


# प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत अवैध खनन घोटाला मामले में मिली बेल



मेट्रो रेज

**रांची :** अवैध खनन घोटाला केस में जेल में बंद प्रेम प्रकाश को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सर्वोच्च न्यायालय ने प्रेम प्रकाश को सशर्त जमानत दे दी है। मामले की सुनवाई न्यायाधीश संजीव खन्ना और संजय कुमार की खंडपीठ कर रही थी। बता दें कि इससे पहले हाईकोर्ट से भी उन्हें जमीन घोटाला मामले में बेल मिल चुकी है। अदालत के इस आदेश के बाद वह लंबे समय बाद जेल से बाहर आ सकेंगे।

**सुप्रीम कोर्ट ने किस आधार पर दिया जमानत :** सुप्रीम कोर्ट ने प्रेम प्रकाश को बीते 25 माह से जेल में बंद रहने के आधार पर रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने अवैध खनन घोटाला के अभियुक्त को सशर्त जमानत देते हुए अपना नंबर ईडी अधिकारी को देने के साथ साथ ट्रायल कोर्ट में अपना पासपोर्ट में जमा करने का निर्देश दिया। इससे पहले हाईकोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद उन्होंने देश की सर्वोच्च अदालत में दरवाजा खटखटाया था। सोमवार को अदालत ने उनकी याचिका पर आंशिक सुनवाई करने के बाद 4 अक्टूबर की तारीख निर्धारित की।

**कब ईडी ने मारा था प्रेम प्रकाश के ठिकानों पर था छापा :** ज्ञात हो कि प्रेम प्रकाश अवैध खनन के साथ जमीन घोटाला मामले का भी आरोपी है। साल 2022 में ही उन्हें साहिबगंज में हुए 1000 करोड़ रुपये अवैध खनन घोटाला केस में गिरप्तार किया था। 24 अगस्त 2022 में पहली बार ईडी ने उनके घर पर छापा मारा था। जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। छापेमारी के दौरान उनके घर से दो सरकारी एके-47 राइफल समेत 60 कारतूस की बरामदगी हुई थी। बाद इस मामले में सीएम हेमंत सोरेन से भी पूछताछ हुई थी। इसी केस में पंकज मिश्रा अब तक जेल में बंद है।

## पलामू में विधायक के गांव के पास फायरिंग, तीन जख्मी

मेट्रो रेज

**पलामू:** डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया के गांव के पास जमीन विवाद में फायरिंग की घटना हुई है। इस फायरिंग की घटना में तीन लोगों को गोली लगी है। तीनों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

क्या जोता था जमीन? यह पूछने पर ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना हुई। इस फायरिंग की घटना में एक पक्ष के तीन लोग जख्मी हुए है। दरअसल जिस जमीन के लिए यह फायरिंग हुई उसका विवाद 1989 से चल रहा है। पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के पूर्णा मझिगां के सूर्यदेव प्रसाद का अपने गोतिया के साथ जमीन का विवाद चल रहा था। पूर्णा मझिगांवा विधायक आलोक चौरसिया के गांव से करीब दो किलोमीटर की दूरी पर है।

गुरुवार को विवादित जमीन की जुताई गोतिया के द्वारा किया गया था। शुक्रवार को सूर्यदेव प्रसाद और अपने पारिवारिक जमीन पर अपनी जुताई करने और संबंधित पक्ष से पूछताछ करने गए थे। इसी क्रम में दोनों के बीच विवाद बढ़ गया और गोतिया की तरफ से ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। फायरिंग की घटना में सूर्यदेव प्रसाद को गले में गोली लगी है। जबकि उनके परिवार के अखिलेश और सुरेंद्र चौरसिया को भी गोली लगी है। सभी को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। जहां सूर्यदेव प्रसाद को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया।

इस मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी आशुतोष कुमार ने अपने लाइसेंसी हथियार से फायरिंग की थी। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और लाइसेंसी हथियार को भी जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद चैनपुर थाना के पुलिस मौके पर पहुंचे थे और मामले की छानबीन की। छानबीन में पता चला कि लाइसेंसी हथियार से फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लाइसेंसी हथियार को जब्त कर लिया और आरोपी को मौके से एक गिरफ्तार कर लिया।



## सीएम हाउस छोड़ नए आवास में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल



**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को अपना सरकारी आवास खाली कर दिया। वह सिविल लाइंस स्थित 6, फ्लैगस्टाफ रोड के सीएम आवास से लुटियंस दिल्ली के फिरोजशाह रोड पर बने बंगले में शिफ्ट हो गए है।

शुक्रवार को केजरीवाल और उनके परिवार द्वारा नए घर में प्रवेश करने से पहले यहां फिरोजशाह रोड के इस आवास में बाकायदा पूजा कराई गई। फिरोजशाह रोड का यह सरकारी आवास आम आदमी पार्टी के मुख्यालय के समीप है। यह सरकारी आवास, पंजाब से आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल को आवंटित है।

दिल्ली विधानसभा के निकट सिविल लाइंस का सरकारी बंगला केजरीवाल को मुख्यमंत्री रहते हुए आवंटित हुआ था। शुक्रवार 4 अक्टूबर को अरविंद केजरीवाल ने सीएम आवास खाली दिया।

आम आदमी पार्टी के नेताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि केजरीवाल ने शुक्रवार को ही अपने सारे सामान और परिवार के साथ मुख्यमंत्री आवास खाली दिया है और वह नए आवास में शिफ्ट हो गए हैं।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का यह नया ठिकाना नई दिल्ली में उनके विधानसभा क्षेत्र के भी समीप है। फिलहाल दिल्ली विधानसभा चुनाव समाप्त होने तक वह नई दिल्ली स्थित सांसदों को मिलने वाले इस सरकारी आवास में ही रहेंगे।

बीते दिनों अरविंद केजरीवाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। दिल्ली शराब नीति में अरविंद केजरीवाल आरोपी बनाए गए थे। उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। जेल से बाहर आने के बाद अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफे का ऐलान किया था। उनका कहना था कि दाग के साथ काम करना तो दूर की बात है, इस दाग के साथ वह जी भी नहीं सकते। केजरीवाल का कहना है कि उन्होंने यह निर्णय लिया है कि वे जनता की अदालत में जाएंगे। जनता से पूछेंगे और जनता ही बताएंगी की वह बेईमान हैं या ईमानदार हैं।

इस्तीफा देने के बाद अरविंद केजरीवाल ने सरकारी आवास छोड़ने की बात की थी। इसके बाद से अरविंद केजरीवाल के लिए नया घर ढूंढने की कवायद हो रही थी। पूर्व मुख्यमंत्री के लिए आवास ढूंढने की प्रक्रिया में आम आदमी पार्टी के कई नेताओं, पार्षदों , विधायकों और सांसदों ने अपना घर देने की पेशकश की थी। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए ढूंढे जा रहे आवास की यह तलाश उन्हीं की पार्टी के सांसद अशोक मित्तल पर आकर खत्म हुई है।

## लातेहार में 1 लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

### गुप्त सूचना के आधार पर की गई थी छापेमारी



**लातेहार:** लातेहार जिले में पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। यहां पुलिस ने माओवादी संगठन भाकपा के सक्रिय सदस्य गुलशन उरांव को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली पर झारखंड सरकार ने 1 लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। यह कार्रवाई लातेहार के एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई।

**पुलिस टीम ने छापेमारी कर पकड़ा :** सूचना के अनुसार, गुलशन उरांव मनिका थाना क्षेत्र के कुमंडीह गांव के आस-पास सक्रिय था। जैसे ही यह जानकारी एसपी कुमार गौरव तक पहुंची, उन्होंने तुरंत एक पुलिस टीम गठित करने का आदेश दिया। टीम का नेतृत्व डीएसपी भरत राम ने किया। पुलिस टीम ने छापेमारी शुरू की और कुछ ही समय बाद, नक्सली गुलशन उरांव को पकड़ने में सफलता पाई। गिरफ्तारी के समय नक्सली ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे चारों ओर से घेर लिया और काबू कर लिया।

**पहले से कई अपराधिक मामले दर्ज :** पुलिस के अनुसार, गुलशन उरांव का मुख्य कार्य माओवादी संगठन के नाम पर धमकी देना और लेवी वसूलना था। वह लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के हाटा गांव का निवासी है और उस पर पहले से कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस अभियान में मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार समेत कई अन्य पुलिस अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कुख्यात अपराधी कृष्ण गोप के गुर्गे की गोली मारकर हत्या

**सरायकेला:** आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सालडीह बस्ती में हिस्ट्रीशीटर अपराधी की बीती रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान पंकज मांझी के रूप में की गई है। इस पर तीन हत्याकांड में शामिल होने का मामला पहले से दर्ज है। पंकज मांझी कुख्यात अपराधी कृष्णा गोप गिरोह से जुड़ा था। मृतक के परिजनों के अनुसार बीती देर रात मृतक पंकज मांझी जमशेदपुर के बिष्टुपुर से लौटा था। इस बीच पहले से घात लगाए अपराधियों ने उस पर बातचीत के क्रम में गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद घायल अवस्था में उसे जमशेदपुर के टीएमएच अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इधर, देर रात घटना की जानकारी होने पर आदित्यपुर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई है। मृतक की बहन अंजली कुमारी ने बताया है कि उसके भाई का बस्ती के कृष्ण गोप, तोरा और चंदू नाम के युवकों से विवाद चल रहा था। उन्हीं लोगों ने मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए आदित्यपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया है कि पंकज मांझी का उसके सहयोगी कृष्णा गोप के साथ मोबाइल को लेकर विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने के चलते ही इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

**पंकज पर दर्ज है तीन हत्याकांड के मामले :** पंकज मांझी पर आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए तीन हत्याकांड के मामले पूर्व से दर्ज हैं। जिनमें मुख्य रूप से मौनी दास हत्याकांड, वरुण गोप हत्याकांड और गणपत हत्याकांड के मामले दर्ज हैं।



## मिर्जापुर में ट्रक और ट्रैक्टर ट्रॉली के बीच टक्कर, 10 मजदूरों की मौत

**मिर्जापुर :** उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर में भीषण सड़क हादसा हुआ। मिर्जापुर जिले के कछवा थाना क्षेत्र के कटका पडाव के पास ट्रक और ट्रैक्टर में भिड़ंत में 10 मजदूरों की मौत हो गई है। वाराणसी-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर मार दी। ये टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर ट्रॉली के परखच्चे उड़ गए।

हादसे में ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार 10 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों घायलों को वाराणसी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। वहीं मृतकों में सात का शव मिर्जापुर और तीन का भदोही जिले के औराई पोस्टमार्टम हाउस में भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक, वाराणसी के मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के किसी गांव के निवासी औराई में छत की ढलाई का कार्य करने गए थे। रात में काम खत्म करने का बाद घर लौट रहे थे, इसी दौरान ये हादसा हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। हादसे में जान गंवाने वाले सभी मजदूर वाराणसी के रहने वाले हैं।

## हिज्बुल्लाह प्रमुख के मारे जाने के बाद उसका उत्तराधिकारी सफीद्दीन भी हुआ ढेर

**नई दिल्ली :** इजरायल ने हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला किया है। हिज्बुल्लाह प्रमुख हसन नसरुल्लाह के मारे जाने के बाद उसके संभावित उत्तराधिकारी माने जा रहे हाशिम सफीद्दीन को इजरायल ने निशाना बनाया है। इजरायली के मुताबिक हिजबुल्लाह के बड़े नेताओं की बैठक के दौरान बंकर पर हमला किया गया है, इसमें हिजबुल्लाह के नए प्रमुख और हसन नसरल्लाह के भाई हाशेम सैफिद्दीन के मारे जाने की भी खबरें हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। एजेंसी के अनुसार, गुरुवार को आधी रात को इजरायल ने बेरूत पर हवाई हमले किए। बेरूत में कई बड़े धमाके हुए हैं, जिसमें कई लोगों की मौत जाने की आशंका है। इजरायल द्वारा नसरल्लाह को मारे जाने के बाद से यह क्षेत्र में सबसे भारी बमबारी में से एक थी।

लेबनानी मीडिया का हवाला देते हुए समाचार आउटलेट एक्सियोस के अनुसार, इजरायली हमला नसरल्लाह की मौत से कहीं ज्यादा बड़ा था। हताहतों की संख्या अभी तक ज्ञात नहीं है। हिजबुल्लाह ने इजरायली सेना के दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। गुरुवार को बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में कई भीषण विस्फोट हुए, जिनमें कई लोग मारे गए और कई किलोमीटर दूर लेबनान की राजधानी में इमारतें हिल गईं। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब इजरायल ने हिजबुल्लाह के खिलाफ अपना आक्रमण तेज कर दिया है।

## विधायक नरहरि झिरवाल मंत्रालय की तीसरी मंजिल से कूदे

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मंत्रालय में शुक्रवार को एक गंभीर घटना घटित हुई, जब एनसीपी के अजित पवार गुट के विधायक और डिप्टी स्पीकर नरहरि झिरवाल मंत्रालय की तीसरी मंजिल से कूद गए। सूत्रों के अनुसार, उनकी कोशिश सफल नहीं हुई, और वह सुरक्षा जाल में फंस गए। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और मामले की जांच जारी है। अभी तक इस घटना के पीछे के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है।

## झारखंड से दिल्ली के बीच होगा नई एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन, बनेंगी 3 रेलवे लाइन

मेट्रो रेज

**रांची:** रेलवे ने झारखंड के गोड्डा स्टेशन से दिल्ली रूट के लिए एक नई एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का ऐलान किया है। इस ट्रेन की समय सारिणी भी रेलवे ने जारी कर दी है। इस एक्सप्रेस ट्रेन के साथ ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड और ओडिशा की 3 नई रेलवे लाइन का शिलान्यास भी कर सकती हैं।

जानकारी होगी कि 23 अक्टूबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का रायरंगपुर स्थित उनके पैतृक गांव ऊपरबेड़ा में आगमन प्रस्तावित है। इस कारण ओडिशा के मयूरभंज जिला प्रशासन की ओर से रायरंगपुर स्टेशन से 18



किमी और ऊपरबेड़ा गांव के आधा किमी दूर खेत में हैलीपेड बनवाया जा रहा है।प्रधानमंत्री ने दी थी नई लाइन को मंजूरी

आपको बता दें, पिछले महीने प्रधानमंत्री मोदी ने भी चाकुलिया-बुरामारा, बादामपहाड़-क्योंझर और गुरुमाहिसानी-बांगडीपोसी नई लाइन को मंजूरी दी है। रेलवे करीब 5700 करोड़ रुपए खर्चकर 227 किमी नई चाकुलिया-बुरामारा, बादामपहाड़-क्योंझर और गुरुमाहिसानी-बांगडीपोसी के बीच नई लाइन बिछाएगा।

इन 3 नए रेल मार्गों पर 18 स्टेशन बनेंगे, जबकि 3 सुरंग के साथ 447 छोटे-बड़े पुल और ओवरब्रिज बनाने की तैयारी भी है। रेलवे के अनुसार, तीनों नई लाइन शुरू होने से टाटानगर के साथ हावड़ा-मुंबई और ओडिशा रेल मार्ग पर लाइन जाम की समस्या कम हो जाएगी। इससे यात्री ट्रेनों के परिचालन में भी सुधार होगा।

**रेल मंत्रालय से मिली स्वीकृति :** गोड्डा-दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन को रेल मंत्रालय की ओर से स्वीकृति मिल गई है। इसके लिए रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक (कोचिंग) विवेक कुमार सिन्हा ने पत्र जारी किया है। इस पत्र में ट्रेन परिचालन की समय सारिणी दी गई है। बताया जा रहा है कि जल्द ही एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन की तारीख की घोषणा की जाएगी। यह ट्रेन साप्ताहिक चलेगी, जिसमें ट्रेन सोमवार को (14050) दोपहर 3 बजे दिल्ली से खुलेगी। वहीं, ट्रेन मंगलवार को दोपहर 3 बजकर 45 मिनट पर गोड्डा पहुंचेगी। गोड्डा स्टेशन से गोड्डा-दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन (14049) बुधवार को पूर्वाह्न 10 बजे खुलेगी। जबकि यह गुरुवार सुबह 9 बजकर 10 मिनट पर दिल्ली पहुंच जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### एबीवीपी ने किया पुतला दहन

**मांडर :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुई अनियमितता और गड़बड़ी के खिलाफ प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन किया। इसी क्रम में रांची जिले के मांडर प्रखंड में भी एबीवीपी की ओर से विरोध मार्च निकाला गया और एनएच 39 पर ब्रांबे चौक में सरकार का पुतला दहन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक उत्कर्ष तिवारी ने किया। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ियों की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच हो और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए उचित कदम उठाए जाएं। तिवारी ने कहा कि परीक्षा में लगातार हो रही अनियमितताओं से छात्र नाराज हैं, और इस मुद्दे पर सरकार की चुप्पी के खिलाफ यह विरोध जरूरी है। उन्होंने स्थानीय विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि विधायक हर मुद्दे पर खुलकर बयान देती हैं, लेकिन छात्रों के साथ हो रहे अन्याय पर उनकी चुप्पी निंदनीय है। इस प्रदर्शन में एबीवीपी के कई प्रमुख कार्यकर्ता शामिल थे, जिनमें आदर्श प्रसाद, मांडर नगर सह मंत्री दीपक सिंह, रोहित शिवम, राहुल, मनीष और नितेश प्रमुख थे।

### 90 हजार रुपये बकाया बिजली बिल माफ होने पर खिला दामोदरपुर के मनोज का चेहरा

**रांचीः** बिजली बिल माफी योजना के तहत गुरुवार को धनबाद डिवीजन के दामोदरपुर, झरिया, निरसा व सिंदरी में लाभुकों के बीच प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। दामोदरपुर में आयोजित कैंप में 200 यूनिट से कम बिजली का खपत करने वाले 50 से ज्यादा लाभुकों का बकाया बिजली बिल माफ किया गया. इसमें मनोज प्रसाद भी शामिल थे. मई से लेकर अगस्त माह के बीच 200 यूनिट से कम बिजली खपत करने पर उनका पहले का सभी बकाया बिल माफ किया गया है. कुल 90 हजार रुपये बकाया माफ होने पर मनोज प्रसाद का चेहरा खिल गया. इसके लिए उनको प्रमाणपत्र प्रदान किया गया. दामोदरपुर में आयोजित कैंप में जेबीवीएनएल, धनबाद एरिया बोर्ड के जीएम अशोक कुमार सिन्हा, एसइ एसके कश्यप, कार्यपालक अभियंता शिवेंद्र कुमार समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे. बता दें कि धनबाद एरिया बोर्ड के लगभग एक लाख 25 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर इस योजना का लाभ मिला है. इन उपभोक्ताओं को अपना बकाया बिजली बिल का भुगतान नहीं करना होगा. बिल में एरियर की राशि जीरो दिखाई देगा। ऐसे उपभोक्ताओं को कैंप लगाकर बिजली बिल माफ होने का प्रमाणपत्र प्रदान किया जायेगा. वर्ष 2024, अगस्त तक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं का बिल माफ किया गया है।

### बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव की हलचल, छह से झारखंड में छिटपुट बारिश

**रांची :** मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव की हलचल शुरू हो गयी है. हालांकि इसके अब तक ज्यादा सक्रिय नहीं रहने के कारण इसका हल्का असर झारखंड पर पड़ सकता है. छह अक्तूबर से झारखंड के कई हिस्सों में छिटपुट बारिश हो सकती है. वहीं, बांग्लादेश में साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना हुआ है और वह फिलहाल वहीं रुका हुआ है. मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार अब तक बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र (लो प्रेशर) पूरी तरह से सक्रिय नहीं हो सका है. अब तक मिले संकेत के अनुसार दक्षिणी हिस्से में छह से तीन दिन तक गर्जन व वज्रपात के साथ-साथ रुक-रुक कर छिटपुट बारिश हो सकती है. जबकि संताल परगना के इलाके में हल्की व मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है. मानसून की विदाई फिलहाल राजस्थान व गुजरात से हो गयी है. जबकि झारखंड से यह पूरी तरह 15 अक्तूबर तक विदा हो सकती है. 15 अक्तूबर के बाद झारखंड में गुलाबी ठंड पड़ने की संभावना है। ठंड का व्यापक प्रभाव इस बार फरवरी तक रहेगा. गुरुवार को सबसे अधिक बारिश आठ मिमी लातेहार में रिकार्ड किया गया. वहीं शाम में बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़, जामताड़ा, लातेहार, दुमका में वज्रपात के साथ हल्की व मध्यम दर्जे की बारिश हुई।

### धनबाद कोयला चोरी की सीबीआई करेगी जांच बाबूलाल मरांडी ने किया फैसले का स्वागत



**रांचीः** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कोयला चोरी मामले में धनबाद पुलिस की संलिप्तता की जांच सीबीआई को सौंपे जाने के झारखंड हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत किया है. भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मामले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि धनबाद के तत्कालीन एसपी संजीव कुमार और संबंधित अधिकारियों की भूमिका की भी जांच होगी, जिसके बारे में मैंने पहले ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर आगाह किया था. अब सीबीआई जांच से सच्चाई सामने आ जाएगी।

**सीएम करें कार्रवाई :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अभी भी समय है, अगर मुख्यमंत्री बेदाग हैं तो मेरे द्वारा लिखे गए पत्रों पर कार्रवाई करें. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के कार्यकाल में कोयला चोरी ने सारे रिकॉर्ड तोड़कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है. सरकार के संरक्षण में कोयला चोरी हुई. इसे लेकर धनबाद में भाजपा की ओर से कई बार विरोध प्रदर्शन भी किए गए. इसे लेकर मैंने मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा था. स्थिति यह है कि पलामू में नाकामी का झंडा बुलंद करने वाले एसपी को धनबाद में पदस्थापित कर दिया गया।

**प्रेस वार्ता के दौरान बाबूलाल मरांडी (ईटीवी भारत) :** उन्होंने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था कि ऐसे अधिकारी की पोस्टिंग से जिले में अपराध कभी नहीं रुकेगा. उनके बैच के कई अधिकारियों को प्रमोशन मिला, लेकिन उन्हें प्रमोशन नहीं दिया गया क्योंकि प्रमोशन मिलने के बाद उन्हें एसपी का पद छोड़ना पड़ता.

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन वाकई बेदाग हैं तो कोयला चोरी में शामिल अधिकारी को सस्पेंड करें, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करें, नहीं तो माना जाएगा कि हेमंत सोरेन कोयला चोरी लूट में शामिल हैं. हेमंत सरकार सरकार के खिलाफ बोलने वालों पर केस दर्ज करती है. मेरे खिलाफ भी कई केस दर्ज हुए हैं ।

**भ्रष्टाचार को लेकर कई बार सीएम को लिखा पत्र' :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अब हेमंत सोरेन को जवाब देना होगा और 5 साल का हिसाब भी देना होगा. उन्होंने जो भी लूटा है, उसकी पाई-पाई वसूल की जाएगी. बेहतर होगा कि वे अब तक हुई सभी अनियमितताओं की जांच करें. इस तरह राज्य की जनता को लगेगा कि वे वास्तव में ईमानदारी से काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि मैंने राज्य में भ्रष्टाचार और घोटालों के बारे में मुख्यमंत्री को कई पत्र लिखे हैं. सरकार को पहले ही आगाह किया गया था कि इस तरह की अनियमितताएं हो रही हैं. इससे खुद भी बचें और राज्य को भी बचाएं. लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

# जयराम महतो ने जारी की प्रत्याशियों की सूची, डुमरी से खुद लड़ेंगे चुनाव



मेट्रो रेज

**धनबादः** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के अध्यक्ष जयराम महतो नई राजनीतिक पार्टी बनाकर चुनावी रण में पूरी तरह से कूद चुके हैं. उनकी पार्टी का नाम झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) है. उनकी पार्टी की ओर से उम्मीदवारों के नामों की भी घोषणा कर दी गयी है, साथ ही कहा कि दूसरी लिस्ट भी जल्द ही जारी की जाएगी.

गुरुवार को धनबाद के सर्किट हाउस में संवाददाता सम्मेलन में जयराम महतो ने आगामी विधानसभा के चुनाव में जेएलकेएम से प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है. छह विधानसभा सीट डुमरी, जमुआ, राजमहल, तमाड़, सरायकेला और छतरपुर से उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है. डुमरी से जयराम महतो खुद चुनावी मैदान में उतरेंगे. साथ ही जमुआ से रोहित कुमार दास, साहिबगंज के राजमहल से मोतीलाल सरकार, रांची के तमाड़ से दमयंती मुंडा, सरायकेला से प्रेम मार्डी, पलामू जिला के छतरपुर से पृथ्वी राज प्रत्याशी होंगे.

इस प्रेस वार्ता में मीडिया से बात करते हुए जयराम महतो ने कहा कि अब तक कुल 69 सीट से उम्मीदवारी के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं. पार्टी का 69 सीट पर चुनाव लड़ना तय है. इसके बाद भी अच्छे कंडिडेट आते हैं तो उन्हें चुनाव में जरूर लड़ाएंगे. महिलाओं की ज्यादा से ज्यादा भागेदारी हो यह पार्टी भी चाहती है. उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी उत्तरी छोटानागपुर की सभी 25 सीटों पर चुनाव लड़ेगी यह तय है. उन्होंने कहा कि टुंडी, गोमिया, बेरमो, बाघमारा और मांडू भी उनकी पसंदीदा सीटों में से है।



### नवरात्रि पर मां छिन्नमस्तिका मंदिर में गंगा आरती का आयोजन

**रामगढ़ः** देश के प्रसिद्ध सिद्धपीठ स्थान मां छिन्नस्तिका मंदिर में नवरात्रि के अवसर पर लगातार 9 दिनों तक गंगा आरती का आयोजन मंदिर न्यास समिति द्वारा किया गया है. पहले दिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भव्य आरती और मनोरम दृश्य का आनंद लेने गंगा आरती में पहुंचे. नवरात्रि के 9 दिनों तक मां छिन्नमस्तिका मंदिर में दामोदर और भैरवी नदी के संगम पर लगातार नौ दिनों तक प्रतिदिन भव्य आरती की जाएगी. मां छिन्नमस्तिका मंदिर परिसर में दामोदर भैरवी नदी के तट पर नवरात्रि में दूसरी बार गंगा आरती का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

श्रद्धालु बड़े उत्साह के साथ गंगा आरती में भाग ले रहे हैं और गंगा आरती का आनंद ले रहे हैं. शारदीय नवरात्र में भक्त मां की आराधना में लीन रहते हैं. ऐसे में नवरात्र के अवसर पर छिन्नमस्तिका मंदिर में दूसरी बार गंगा आरती का आयोजन विशेष है. छिन्नमस्तिका मंदिर न्यास समिति रजरप्पा और मां पवित्र छिन्नमस्तिका ललिता देवी सेवा न्यास बोकारो के संयुक्त प्रयास से पूरे नवरात्र में गंगा आरती का आयोजन किया जा रहा है. बनारस से आए पंडित भव्य तरीके से गंगा आरती कर रहे हैं। लगातार नौ दिनों तक भव्य आरती मां छिन्नमस्तिके मंदिर के दामोदर और भैरवी नदी के संगम स्थल पर नवरात्र के 9 दिनों तक रोजाना किया जाएगा वाराणसी के घाटों पर जिस तरह गंगा आरती का आयोजन किया जाता है उस तरह ही दामोदर और भैरवी नदी के किनारे गंगा आरती किया गया के दौरान दिखेगा।

### झारखंड में 4 से 7 अक्टूबर तक कांग्रेस का अभियान



**रांचीः** झारखंड कांग्रेस 4 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक प्रथम चरण का चुनावी अभियान शुरू करने जा रही है. अभियान के पहले चरण में एक साथ राज्यभर के उन 33 विधानसभा सीटों पर यह अभियान शुरू होगा, जहां जहां 2019 विधानसभा चुनाव में पार्टी ने उम्मीदवार खड़े किए थे या फिर दूसरे दलों के सिटिंग विधायक कांग्रेस में शामिल हो गए हैं. प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि यात्रा का लाभ पार्टी और महागठबंधन के सभी सहयोगियों को मिलेगा। झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि पूर्व राज्यसभा सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू के नेतृत्व में बनीं टीम दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल में, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में बनीं दो अलग-अलग टीम उत्तरी छोटानागपुर में के नेतृत्व में, लोकसभा सांसद सुखदेव भगत के नेतृत्व में बनी टीम रांची में, केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में बनी टीम कोल्हान में और विधायक दल के नेता रामेश्वर उरांव पलामू में चुनावी अभियान का नेतृत्व करेंगे. प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि मतदाताओं को महागठबंधन की ओर करना और कांग्रेस के कार्यकताओं में जोश भरने में शुक्रवार से शुरू होने वाले अभियान का खासा प्रभावकारी होगा।

**कांग्रेस प्रदेश कार्यालय प्रभारी पद से हटाए गए अमूल नीरज खलखो :** एक अन्य घटनाक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रदेश कार्यालय प्रभारी के पद पर पहले से मौजूद अमूल नीरज खलको को हटाकर अभिलाष साहू को नया कार्यालय प्रभारी और राजन वर्मा को सह कार्यालय प्रभारी नियुक्त किया है. पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि दोनों नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं.

डहुआ में आयोजित 3 दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का समापन

# हौसला बुलंद हो तो कोई भी मंजिल मुश्किल नहीं : अनिल सिंह मुंडा

मेट्रो रेज

**सिल्ली :** गांधी जयंती के अवसर पर डीएपीएफसी डहुआ बगान टोली की ओर से डहुआ जोन्हा मैदान में आयोजित तीन दिवसीय बालक - बालिका फुटबॉल टूनामेंट का बुधवार को समापन हुआ। बालक वर्ग का फाइनल मैच में फागु चीरा घाघरा ने एमएससी फ्रेंड्स को पेनल्टी सूट में हराया वही बालिका वर्ग में बगान टोली ने भी पेनल्टी सूट में डोकाद को हराया। आमंत्रित अतिथि जिप अध्यक्ष निर्मला भगत समाज सेवी अनिल सिंह मुंडा सैफ कमांडेंट जगदेव नाग पूर्व सैनिक सुनील उरांव प्रदीप कच्छप पंसस एंथोनी कच्छप ग्राम प्रधान राजेंद्र उरांव आदि ने फाइनल मैच के विजेता एवं उपविजेता टीम को एक-एक खस्सी देकर पुरस्कृत किया। वही मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर समाजसेवी अनिल सिंह मुंडा ने कहा अगर हौसला बुलंद हो तो कोई भी मंजिल मुश्किल नहीं, अपने संघर्ष और जज्बे से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। मुंडा ने कहा खेल में हार, जीत लगी रहती है हार जाओ, तो हारने का कारण ढूँढ कर उससे सीख लेना है ताकि अगली बार जीत सके। इस आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष अजीत उरांव सचिव दिलीप अहीर कोषाध्यक्ष बीरबल अहीर संरक्षक चारो उरांव सोनू राव रवि अहीर धनीराम अहीर पवन अहीर सुखदेव उरांव संजय लकड़ा हरिश उरांव राहुल बेदिया आदि का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# गैस्ट्रोकॉन-24: झारखंड में जुटेंगे देशभर के पेट और लीवर रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर्स




मेट्रो रेज

**रांचीः** राजधानी रांची में 5 और 6 अक्टूबर को देशभर के पेट व लीवर रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर्स आएंगे. यह कार्यक्रम इंडियन सोसाइटी ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी द्वारा आयोजित किया जा रहा है. गैस्ट्रोकॉन-24 के आयोजन में देशभर के 200 से ज्यादा पेट एवं लीवर रोग विशेषज्ञ शिरकत करेंगे. दो दिवसीय इस कॉन्फ्रेंस में पेट, लीवर, आंत में होने वाले रोगों से संबंधित हो रहे नए रिसर्च और इलाज के नए-नए तरीके पर कई लेक्चर होंगे।

शौर्य सभागार में होगा कॉन्फ्रेंस

गैस्ट्रोकॉन-24 ने जानकारी देने के लिए गुरूवार को प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कार्यक्रम की जानकारी दी. इस आयोजन मंडल के सदस्यों ने बताया कि रांची के डोरंडा स्थित जैप-1 ऑडिटोरियम (शौर्य सभागार) में 5 और 6 अक्टूबर को इंडियन सोसायटी ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन गैस्ट्रोकॉन-24 का आयोजन किया जा रहा है. इस सम्मेलन में झारखंड के अलावा देश भर के ख्यातिप्राप्त गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट शिरकत करेंगे. आयोजन मंडल ने बताया कि अभी तक देश प्रदेश के 200 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टरों ने कॉन्फ्रेंस में भाग लेने की सहमति दे दी है।

**ये है ऑर्गनाइजिंग कमेटी :** गैस्ट्रोकॉन-24 ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. मनोहर लाल प्रसाद और ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. प्रणव मंडल बने हैं. जबकि को-चेयरमैन डॉ. जयंत घोष को बनाया गया है. डॉ. जयंत घोष ने बताया कि गैस्ट्रोकॉन-24 में पेट, लीवर, आंत के रोगों के बारे विस्तार से चर्चा की जाएगी. उन्होंने बताया कि पेट और लीवर की बीमारी क्यों बढ़ रही है, इसके क्या-क्या लक्षण उभरते हैं और किस बीमारी के इलाज में क्या-क्या एडवांसमेंट आया है इस पर विशेषज्ञ अपनी अपनी राय रखेंगे. मरीजों को कैसे और बेहतर चिकित्सा सुविधा दी जा सकें इसपर आपस में जानकारी साझा की जाएगी।

**कॉन्फ्रेंस में वक्ता के रूप में ये एक्सपर्ट रहेंगे शामिल :** इस नेशनल कॉन्फ्रेंस में दिल्ली से डॉ. अनिल अरोड़ा, डॉ. पीयूष रंजन, डॉ. विकास सिंघला, चंडीगढ़ से डॉ. एसके सिन्हा, कोलकाता के डॉ. संदीप पाल, आईएलबीएस नई दिल्ली के डॉ. अशोक चौधरी, डॉ. अमर मुकुंद, हैदराबाद के डॉ. जीवी राव, डॉ. कपिल शर्मा समेत अन्य एक्सपर्ट डॉक्टर बतौर वक्ता शामिल रहेंगे. कॉन्फ्रेंस के दौरान लाइव सर्जरी के साथ-साथ बिहार-झारखंड के चिकित्सक पेट, आंत-लीवर आदि के रोग पर अपने महत्वपूर्ण केस और विशेष रिसर्च प्रस्तुत करेंगे।

**कॉन्फ्रेंस में इस पर होगा विशेष फोकस :** इस कॉन्फेंस में पहली बार लाइव वर्कशॉप का आयोजन होगा जिसमें बिना चीर फाड़ के एंडोस्कोपिक पद्धति के द्वारा खाने में दिक्कत होने वाली बीमारी, एक्लेसिया कार्डिया का ऑपरेशन, पैंक्रियाज से संबंधित बीमारी, पैंक्रियाटिक स्यूडोसिस्ट का ड्रेनेज, ईआरसीपी के द्वारा पित्त की नली में स्थित बड़े-बड़े स्टोन का स्पाईग्लास के द्वारा ऑपरेशन किया जाएगा।

**मरीजों को कैसे बेहतर इलाज दिया जा सके :** डॉ. मनोहर लाल ने बताया कि कॉन्फ्रेंस के दौरान मोटर डिस्फेजिया (खाना निगले में दिक्कत), पैनक्रियाटाइटिस, लीवर ट्रांसप्लांट, पेट में पानी भर जाने पर नया इलाज क्या है, हेपेटाइटिस बी के बारे में नए इलाज आदि की जानकारी आपस में साझा करेंगे. इस प्रेसवार्ता में झारखंड के गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. प्रणव कुमार मंडल, डॉ. मनोहर लाल प्रसाद, डॉ. जयंत घोष, डॉ. रवीश रंजन, डॉ. चंदन यादव, डॉ. संगीत सौरभ, डॉ. सतीश मिढ़ा, डॉ. अखिलेश यादव, डॉ. अनिकेत अग्रवाल और डॉ. अंतरिक्ष कुमार मौजूद रहे।



### मांझी परगना महासम्मेलन में चंपाई सोरेन ने कहा- आदिवासियों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

**पाकुड़ः** जिला मुख्यालय के बाजार समिति प्रांगण में मांझी परगना महासम्मेलन का आयोजन किया गया. सम्मेलन में पाकुड़ के अलावा संथाल परगना के कई जिलों के ग्रामप्रधान, गुड़ित, नायकी, जोगमांझी आदि ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन एवं पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम भाग लेने पहुंचे. पूर्व सीएम के आगमन पर आदिवासी समाज के लोगों ने पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया. चंपाई सोरेन ने संथाल परगना में आदिवासियों की घटती आबादी एवं लुटती जमीन पर चिंता जताई।

महासम्मेलन में आदिवासी समाज की पारंपरिक व्यवस्था का संचालन करने वाले ग्राम प्रधानों, गुड़ित नायकी सहित आदिवासी समाज के हजारों लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि हमारे समाज की बहू बेटियों के साथ खिलवाड़ करने वालों को उखाड़ फेंकने का काम किया जाएगा. पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि संथाल परगना कास्तकारी अधिनियम रहने के बावजूद गांवों से आदिवासी उजड़ गये, क्योंकि हमारी मांझी परगना व्यवस्था को कमजोर कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि हम आदिवासी समाज को उनका हक एवं अधिकार दिलाने के लिए उन्हें जगाने का काम कर रहे हैं. चंपाई सोरेन ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने के लिए आदिवासियों की जमीन हड़पने का काम किया गया है. पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज की व्यवस्था देश परगना है. उन्होंने कहा कि मांझी परगना, मांझी के साथ आदिवासियों को जगाने का काम किया जा रहा है। इसके बाद बड़ा वैसी बुलाकर आदिवासियों की हड़पी जमीन उन्हें वापस दिलाने का काम किया जाएगा।

**चंपाई सोरेन का स्वागत करते (ईटीवी भारत) :** मांझी परगना एवं वैसी संथाल परगना द्वारा आयोजित महासमेलन में भाग लेने के पूर्व चंपाई सोरेन ने सिदो-कान्हू, चांद-भैरव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. पूर्व सीएम का पारंपरिक तरीके से आदिवासिय्यों ने स्वागत किया. महासमेलन को पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम सहित ग्राम प्रधानों ने भी संबोधित किया।

# 26 फीट ऊंची बजरंगबली की फोर डी मूर्ति होगी आकर्षण का केंद्र



**रांची:** इस साल मां दुर्गा के भक्तों को पुरान विधानसभा मैदान धुर्वा में राम मंदिर का भव्य प्रारूप देखने को मिलेगा। इसमें 26 फीट ऊंची बजरंगबली की फोर डी मूर्ति आकर्षण का केंद्र होगी। इस भव्य पंडाल का उद्घाटन पांच अक्तूबर को शाम 4:30 बजे होगा. इस दिन सभी भक्तों को मां दुर्गा के दर्शन के लिए पट खोल दिए जाएंगे. राम मंदिर के प्रारूप के लिए बनाए गए पंडाल की लंबाई 170 फीट, चौड़ाई 120 फीट और ऊंचाई 120 फीट होगी. गुरुवार को वाराणसी के आचार्यों द्वारा मां शैलपुत्री के पूजन के साथ कलश स्थापना की गई. इस पंडाल का निर्माण कोलकाता के 200 कारीगरों ने किया है. जो हूबहू अयोध्या. के श्री राम मंदिर जैसा दिख रहा है। मां दुर्गा की विशाल, अद्भुत और अलौकिक मूर्ति स्थापित की हई है. वहीं प्रभु श्री राम की प्रतिमा सिलिकॉन से निर्मित है।

**पूजा के आयोजन में ये दे रहे सहयोग** : पूजा के आयोजन में अध्यक्ष अशोक चौधरी, महासचिव कुणाल आजमाणी, प्रकाश धेलिया, राजू पोद्दार, रोहित अग्रवाल, धीरज तनेजा,निर्मल जालान ,प्रमोद सारस्वत ,दीपक चौधरी, उमेश यादव, विकास सिंह, सुजीत वर्मा, शंभू प्रसाद, शुभम शर्मा, विकाश रंजन, मनीष लोधा,संजीत यादव, विकास चौधरी, सागर, बादल कुमार, सहित काफी संख्या में समिति के सदस्य अपना सहयोग दे रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ



### आर्मी पब्लिक स्कूल चैंपियन बना

**रांची:** सीबीएसई क्लस्टर में अंडर-19 वर्ष बालिका वॉलीबॉल चैंपियनशिप में आर्मी पब्लिक स्कूल रांची चैंपियन बना और नेशनल के लिए क्वालिफाई किया। मैच सेंट स्टीफंस स्कूल हजारीबाग में आयोजित किया गया। वहीं बी.बॉल अंडर-19 में लड़कियों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बोकारो डीपीएस में बी.बॉल मैच हुआ। तीरंदाजी में भी अंडर-14 वर्ष आयु वर्ग में व्यक्तिगत चैंपियन शिप में मास्टर लंगताई बेश्रा और मास्टर रचित ने नैटिनल के लिए क्वालीफाई किया और चौथा और पांचवां स्थान प्राप्त किया। और मिश्रित में प्रजापति गार्गी और रचित ने नेशनल के लिए क्वालीफाई किया। आज सभी प्रतिभागियों को सुविधा हुई। प्राचार्य अभय कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा शिक्षक अनिसुर रहमान, मृणाल घोष एवं श्वेता कुमारी एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### इंडिया टूरिज्म कोलकाता फील्ड ऑफिस झारखंड का सफाई अभियान



**रांची:** चल रहे अभियान ₹स्वच्छता ही सेवा₹ और विशेष अभियान 4.0 की शुरूआत के अवसर पर, इंडिया टूरिज्म कोलकाता, फील्ड ऑफिस-झारखंड ने जगन्नाथ मंदिर, जगन्नाथपुर, रांची में सफाई अभियान और जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस विशेष अभियान के प्रमुख प्रतिभागी मंदिर के लिए फूल और पूजा सामग्री बेचने वाले स्थानीय लोग, मंदिर समिति, नगर पालिका के सदस्य और झारखंड के टूर एंड ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन थे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आवश्यक पर्यावरणीय गतिविधि और एकल उपयोग प्लास्टिक के निषेध को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता पैदा करना, भक्तों, रांची के ऐतिहासिक स्थल पर आने वाले स्थानीय लोगों के बीच टिकाऊ प्रथाओं को शामिल करना था।

### सर्वधर्म के प्रतिनिधि उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से मिलकर दी बधाई



**रांची :** सर्वधर्म के प्रमुख प्रतिनिधिगण रांची के नव पदस्थापित उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री से मिलकर उन्हें पगड़ी, बुके एवं शाल देकर उनका भव्य स्वागत किया एवं रांची के सर्वधर्म के पर्व त्योहारों को आपसी भाईचारा एवं सौहार्द से सम्पन्न कराने में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के लोगों द्वारा किए जाने वाले कार्यों से अवगत कराते हुए भविष्य में भी सहयोग करने की बात कही। उपायुक्त रांची श्री मंजूनाथ भजंत्री ने सारे लोगों की बातों को गम्भीरता से सुना एवं अपने सम्बोधन में अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही साथ ही साथ यह भी कहा कि वाट्सएप पर यदि कोई भड़काऊ बातें किसी के द्वारा पोस्ट किया जाता है तो उसे फार्वड करने के बजाय तुरंत स्थानीय थाना को या वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों को अवगत कराएं ताकि समय रहते उसे रोका जा सके। उन्होंने आगे कहा कि यदि किसी के द्वारा भड़काउ बातें भी की जाती हैं तो उनका जवाब न देकर संयम से काम लें। उन्होंने एकता, भाईचारा एवं आपसी सौहार्द कायम रखने हेतु प्रशासनिक स्तर पर अपने पूर्ण सहयोग देने की बात कही। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष जयसिंह यादव, सर्वधर्म सदभावना समिति के अध्यक्ष मो. इसलाम, सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के महासचिव अकीलुर्रहमान,कर्बला चौक दुकानदार समिति के अध्यक्ष हाजी माशूक, गुरूनानक स्कूल के सेक्रेटरी परमजीत सिंह टिंकू,अशोक यादव, परवेज आलम ( लालपूर), नौशाद आलम, मौलाना आजाद कालेज के परवेज आलम, बंटी यादव, कमलेश यादव , जसीम हसन, अब्दुल खालिक नन्हू , तनवीर आलम शामिल थे।

### मुसलमानों ने वक्फ संसोधन बिल 2024 का किया बायकाट

**रांची:** तहफ्फुज ए औकाफ कान्फ्रेंस इरबा में मुसलमानों ने पूरी तरह से वक्फ संसोधन बिल 2024 का बायकाट किया। एक आवाज में मुसलमानों ने इस बिल को रद्द करने की मांग की दी। अमीर ए शरीयत हजरत मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी सेक्रेटरी ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड व सज्जादा नशीं खानकाह रहमानी मुंगेर की अध्यक्षता में झारखंड के मुसलमानों ने शिरकत कर वक्फ संसोधन बिल 2024 को रद्द करने तक संघर्ष करने का ऐलान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमीर ए शरीयत ने कहा कि इस बिल को पूरी तरह हम खारिज करते हैं।यह बिल मुसलमानों के लिए कहीं से भी सही नही है। अमीर ए शरीयत हजरत मौलाना फैसल वली रहमानी ने कहा कि वक्फ बिल के हम सब पुरजोर विरोध करते है। ये बिल फंडामेंटल राइट्स के खिलाफ है। कोई भी कानून प्रॉबलम को हल करने के लिए बनाई जाती है, लेकिन यह बिल वक्फ की जमीन अधिग्रहण लिए है। आखिर में अमीर ए शरीयत ने कहा कि जल्द ही झारखंड में रहमानी 30 सेंटर खोलेगा। अमीर ए शरीयत ने अपने कम वक्त में बहुत ही महत्वपूर्ण बातें की और मुसलमानों को वक्फ संसोधन बिल 2024 की कुछ खास बातें भी बताई।कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर शहाब आर्यन ने की। जबकि कार्यक्रम की शुरूआत कारी जान मोहम्मद की तिलावत ए कुरान से की गई। कांफ्रेंस के कनवीनर सह कांग्रेस लीडर अनवार अंसारी ने अपने स्वागतीय भाषण में आए हुए तमाम लोगो का स्वागत किया और कहा कि केंद्र सरकार मुसलमानो के मौलिक एवं संवैधानिक अधिकार को छीनना चाहती है। इस बिल में कई ऐसे धाराएं है जो धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाती है। वक्फ संशोधन बिल वक्फ प्रणाली को कमजोर करने, मुस्लिम समुदाय को हाशिए में लाने, धार्मिक अधिकारों को खत्म करने के लिए है। आइए हम सब न्याय, निष्पक्षता और संवैधानिक अखंडता के मूल्यों को बनाए रखें और विभाजनकारी विधायक को अस्वीकार करें।

## रांची के रातू रोड में श्रीलेदर्स का तीसरा शोरूम खुला




**रांची :** 70 वर्षों से भारतीय फुटवियर उद्योग में अग्रणी, श्रीलेदर्स ने 4 अक्टूबर, 2024 को रांची शहर के रातू रोड में हेहल पिस्का मोड़ स्थित अपने तीसरे शोरूम के लॉन्च की गर्व से घोषणा की है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्रीलदर्स के पार्टनर सुशांतो डे , पुजारिणी डे, सौरभ विश्वास , रातु रोड रांची स्थित नए शोरूम के संचालक रवि सिंह और झारखंड फेमिना की विजेता रिया तिर्की ने संबोधित करते हुए श्रीलदर्स के प्रोडक्ट की जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड, बिहार और उड़ीसा में कई स्टोरों की सफल शुरूआत रणनीतिक विस्तार है जिससे इस क्षेत्र में श्रीलेदर्स का प्रभुत्व मजबूत हुआ।

1952 में स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय सुरेश चंद्र डे द्वारा स्थापित, श्रीलेदर्स ने लगातार किफायती कीमतों पर आरामदायक जूते उपलब्ध कराए हैं। गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति ब्रांड की अटूट प्रतिबद्धता ने इसे एक वफादार ग्राहक आधार और आरामदायक और स्टाइलिश जूते के साथ-साथ चमड़े के सामान में एक महत्वपूर्ण बाजार हिस्सेदारी अर्जित की है। एक विश्व स्तरीय उत्पाद पोर्टफोलियो का अनावरण श्रीलेदर्स के इस नए शोरूम में किया गया ।

रांची शहर के रातू रोड पर हेहल पिस्का मोड़ स्थित नया शोरूम में जूते की किफायती रेंज ,प्रीमियम जूते,चमड़े का सामान , बैग ,यात्रा बैग ,खेल के जूते व एक्टिववियर की व्यापक रेंज प्रदर्शित करेगा । किफायती कीमतों पर,श्रीलेदर्स की नवीनतम श्रेणी, एसएल प्रीमियम को खुदरा और ऑनलाइन ग्राहकों से अच्छी समीक्षा मिली है। पार्टनर शेखर डे ने जोर देकर कहा, ₹फ्रेंचाइजी को उत्पाद वितरित करने से पहले गुणवत्ता और ग्राहक स्वीकार्यता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं।

भविष्य के लिए नवप्रवर्तन - पार्टनर और तीसरी पीढ़ी के परिवार के सदस्य, सुशांतो डे ने ब्रांड के दृष्टिकोण का खुलासा किया: ₹हम विश्व स्तरीय गुणवत्ता वाले खेल के जूते पेश कर रहे हैं, जिसमें बैडमिंटन, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल के लिए एक अलग लाइन है। विश्व स्तरीय गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटूट है, जबकि जेब के अनुकूल कीमतें सुनिश्चित करना।₹ एसएल स्पोर्ट्स ब्रांड एक्टिव वियर और स्पोर्ट्स जूतों की बढ़ती मांग को पूरा करेगा।

### वैश्य मोर्चा करेगी चेतावनी महाधरना

## मुख्यमंत्री, राज्यपाल और मंत्रियों को फिर दिए जायेंगे मांग पत्र

**रांची :** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा द्वारा अपनी मांगों को लेकर 6 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय चेतावनी महाधरना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. इसकी विधिवत सूचना आज अनुमंडलाधिकारी (सदर) को दे दी गई है. इस चेतावनी धरना कार्यक्रम में वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष और प्रमुख सदस्य शामिल होंगे. धरना कार्यक्रम के पाश्चात्य मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, महामहिम राज्यपाल सहित राज्य के मंत्रियों को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा जायेगा. इस आशय की जानकारी देते हुए वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि ओबीसी को 27% आरक्षण देने, शून्य जिलों में एक समान आरक्षण की व्यवस्था लागू करने, जाति आधारित जनगणना, वैश्य आयोग का गठन, छोटे दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्यों की लूटी गयी जमीन वापसी, वैश्यों को झूठे केस में फंसाने, प्रताड़ित करने आदि मुद्दों को लेकर लगातार आवाज उठाया जाता रहा है. दर्जनों बार धरना-प्रदर्शन करके, और प्रतिनिधि मंडल मिल कर मांग-पत्र सौंपा गया है, लेकिन अफसोस की बात है कि अब तक वैश्य समाज को सभी सरकारों ने उपेक्षित करने, हाशिए पर डालने का काम किया है. श्री साहु ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में कहा था कि सत्ता में आने के बाद वे लागू करेंगे. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 31 जुलाई को वैश्य मोर्चा का उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंप कर उन्हें अपने वायदे को याद भी दिलाया था. एक बार फिर 6 अक्टूबर को धरना कार्यक्रम के माध्यम से वैश्य मोर्चा मांग करना चाहती है कि 8 अक्टूबर को होने वाली कैबिनेट की बैठक में हमारी मांगों पर विचार किया जाये।

# बच्चों में बढ़ती आंखों की समस्या चिंता का विषय निदान योग अभ्यासः योगाचार्य महेश पाल



**बच्चों** में बढ़ती आंखों की समस्या एक गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है जिसमें वर्तमान समय देखने में आ रहा है कि प्रत्येक बच्चे को जन्म से ही आंखों की समस्या से गुजरना पड़ रहा है, और आंखों पर चश्मा लगता जा रहा है। यह कारण माता-पिता की बदलती लाइफस्टाइल दैनिक दिनचर्या आहार शैली भी एक कारण है बही बच्चों की दिनचर्या एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का ज्यादा उपयोग और फास्ट फूड का अत्यधिक सेवन करने से बच्चे दिन प्रतिदिन आंखों की समस्याओं से ग्रसित होते जा रहे हैं योगाचार्य महेश पाल विस्तार पूर्वक बताते हैं कि बच्चों में आँखों की समस्याएँ ऐसी किसी भी समस्या या स्थिति को संदर्भित करती हैं जो आँखों, ऑप्टिक तंत्रिका और मस्तिष्क सहित दृश्य प्रणाली को प्रभावित करती हैं। ये समस्याएँ गंभीरता में भिन्न हो सकती हैं, हल्के अपवर्तक त्रुटियों से लेकर अधिक गंभीर स्थितियों तक जो बिना इलाज के दृष्टि हानि का कारण बन सकती हैं। बच्चों में होने वाली आम आँखों की समस्याओं में अपवर्तक त्रुटियाँ शामिल हैं, जैसे कि मायोपिया (नजदीकी दृष्टि) और हाइपरोपिया (दूरदृष्टि), साथ ही एम्ब्लियोपिया (आलसी आँख), स्ट्रैबिस्मस (भरी आँखें) और कंजंक्टिवाइटिस (गुलाबी आँख) जैसी स्थितियाँ। इन स्थितियों और उनके संकेतों और लक्षणों के बारे में जागरूक होना जरूरी है ताकि समय रहते इनका पता लगाया जा सके और उचित उपचार के साथ साथ योग अभ्यास कर समय रहते आंखों की समस्या का निदान कर सकें, बच्चों में आँखों की समस्याओं के कुछ सामान्य लक्षणों में बार-बार आँखों को रगड़ना, अत्यधिक आँसू आना, लाल या सूजी हुई आँखें, प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता, आँखें सिकोड़ना , ध्यान केंद्रित न कर पाना, पढ़ने या नजदीक से काम करने में कठिनाई और आँखों का असामान्य संरेखण शामिल हैं।1.मायोपिया (निकट दृष्टि दोष): मायोपिया एक अपवर्तक त्रुटि है जिसमें दूर की वस्तुएँ धुंधली दिखाई देती हैं, जबकि पास की वस्तुएँ स्पष्ट दिखाई देती हैं। यह तब होता है जब नेत्रगोलक बहुत लंबा होता है या कॉर्निया बहुत अधिक घुमावदार होता है।2.हाइपरोपिया (दूरदृष्टि दोष): हाइपरोपिया एक अपवर्तक त्रुटि है जिसमें पास की वस्तुएँ धुंधली दिखाई देती हैं, जबकि दूर की वस्तुएँ स्पष्ट दिखाई देती हैं।यह तब होता है जब नेत्रगोलक बहुत छोटा होता है या कॉर्निया बहुत सपाट होता है।3.निस्टागमसः निस्टागमस आँखों की एक अनैच्छिक कार्य है, जो अक्सर बार-बार, अनियंत्रित आँखों की हरकतों की विशेषता होती है। यह जन्म से ही मौजूद हो सकता है या बचपन में ही विकसित हो सकता है4.एम्ब्लियोपिया (आलसी आँख): एम्ब्लियोपिया एक ऐसी स्थिति है जिसमें दोनों आँखों या एक आँख की दृष्टि दूसरी की तुलना में कमजोर होती है, यहाँ तक कि चश्मा या कॉन्टैक्ट लेंस के इस्तेमाल के बाद भी। यह तब होता है जब मस्तिष्क दृश्य विकास के दौरान एक आँख को दूसरी आँख की तुलना में ज्यादा महत्व देता है 5.कंजंक्टिवाइटिस (गुलाबी आँख): कंजंक्टिवाइटिस कंजंक्टिवा की सूजन है,जो आंख के सफेद हिस्से और पलकों के अंदर के हिस्से को ढकने वाला पतला पारदर्शी ऊतक है। यह एलर्जी, वायरस या बैक्टीरिया के कारण हो सकता है।6.आंसू नलिकाओं का अवरुद्ध होनाः अवरुद्ध आंसू नलिकाएं बच्चों में अत्यधिक आंसू, स्राव और चिपचिपी पलकें पैदा कर सकती हैं। यह आमतौर पर रूढ़िवादी प्रबंधन के साथ जीवन के पहले वर्ष के भीतर ठीक हो जाता है। 7.एकोमोडेटिव एसोट्रोपियाः एकोमोडेटिव एसोट्रोपिया एक प्रकार का स्ट्रैबिस्मस है जिसमें अत्यधिक फोकस करने के प्रयास के कारण एक या दोनों आंखें अंदर की ओर मुड़ जाती हैं। यह अक्सर दूरदर्शिता से जुड़ा होता है।8.तिरछी आंखें (स्ट्रैबिस्मस): स्ट्रैबिस्मस एक ऐसी स्थिति है जिसमें आंखें ठीक से संरेखित नहीं होती हैं और अलग-अलग दिशाओं में विचलित हो जाती हैं। यह रुक-रुक कर या लगातार हो सकता है और अगर इसका इलाज न किया जाए तो गंभीर दृष्टि हानि हो सकती है। बच्चों में आंखों की समस्या से बचाव के लिए बच्चों की दैनिक दिनचर्या में 1 घंटे का योग अभ्यास अत्यंत आवश्यक है जिसमें प्राणायाम आंसू नलिकाओं के अवरोधों को दूर करने मैं सहायक है बही आंखों की योगिक सूक्ष्म क्रिया से स्ट्रैबिस्मस,आँशु नलिकाओं का अवरुद्ध होने की समस्या, निस्टागमस आदि समस्याओं से बचा जा सकता है वहीं आसान और प्राणायाम ध्यान के द्वारा मायोपिया (निकट दृष्टि दोष), हाइपरोपिया (दूरदृष्टि दोष) एम्ब्लियोपिया (आलसी आँख) कंजंक्टिवाइटिस (गुलाबी आँख) आदि आँखों की समस्याओं से बचा जा सकता है, जिसमे रेगुलर योग अभ्यास मैं आँखों की योगिक सूक्ष्म क्रियाएं, सुखासन, स्वास्तिक आसान पद्मासन, सर्वांगासन शीर्षासन विपरीत करनी मुद्रा , प्राणायाम में अनुलोमविलोम, भ्रामरी, चंद्रभेदी आज्ञाचक्र पर ध्यान, नदी शोधन प्राणायाम आदि के अभ्यास से आंखों की समस्याओं से बचा जा सकता है 5 वर्ष से अधिक के बच्चे योगाभ्यास अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं, आंखों में लालिमा होने की समस्या होने पर शीर्षासन का अभ्यास न करें। बच्चों की दैनिक दिनचर्या में पौष्टिक आहार शैली और दैनिक दिनचर्या में योगाभ्यास को स्थान देकर आंखों की समस्या के साथ-साथ हम बच्चों को भविष्य में आने वाले विभिन्न प्रकार मानसिक व शारीरिक रोगों से बचा सकते हैं।

## सुविचार

''जो बदलाव तुम दुनिया में देखना चाहते हो, वह खुद में लेकर आओ'

## युद्ध से भारत को नुकसान

**हिज्बुल्ला** प्रमुख हसन नसरल्लाह की मौत के बाद जिस बात की आशंका जताई जा रही थी, वह सही होती लग रही है। छोटी-सी गाजा पट्टी पर शुरू हुई लड़ाई बेकाबू जंग का रूप लेती जा रही है। ईरान काइजरायल पर ताजा हमला इस बात का साफ संकेत है कि दोनों पक्ष हमलों का जवाब हमलों से देने पर आमादा हैं। मगर युद्ध का फैलना खतरनाक होगा। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि कम से कम जंग और तेज न हो, इसका दायरा और न फैले। सऊदी अरब और वअए जैसे मुल्क अभी तक इस संघर्ष से दूरी बनाए हुए हैं, लेकिन युद्ध जिस तरह से फैल रहा है, उसमें अरब देशों का बहुत देर तक तटस्थ रहना शायद संभव न रह पाए। भारत के सामने सबसे बड़ी कूटनीतिक चुनौती होगी कि वहइजरायल और अरब वर्ल्ड के बीच किस तरह से संतुलन साधता है। हमास के साथ संघर्ष में शामिल होने के पहलेइजरायल और वअए पास आते दिख रहे थे। आर्थिक और दूसरे क्षेत्रीय मुद्दों पर सहयोग के लिए 2021 में भारत,इजरायल, वअए और अमेरिका ने मिलकर क्2व2 फोरम गठित किया। इसी तरह, पिछले साल इंडिया-मिडल ईस्ट-यूरोप इकनॉमिक कॉरिडोर (क्टएउ) की घोषणा हुई थी। युद्ध का फैलाव इस तरह के प्रयासों के लिए तगड़ा झटका होगा। ईरान के संघर्ष में सीधे तौर पर शामिल होने से रेड सी ट्रेडिंग रूट पर असर पड़ने की आशंका है। यह इकलौती वजह काफी है भारत की चिंता बढ़ाने के लिए। यह समुद्री रास्ता हिंदुस्तान को यूरोप, उत्तरी अमेरिका, उत्तरी अफ्रीका और मध्य पूर्व से जोड़ता है। पिछले वित्तीय वर्ष में देश का करीब 50% निर्यात और 30% आयात इसी रूट से हुआ था। लाल सागर तक संकट खिंचने का मतलब होगा कारोबार के लिए लंबा समुद्री रास्ता तय करना। इससे ट्रांजिट कॉस्ट बढ़ जाएगी। किराये पर असर पड़ेगा, डिलिवरी में देरी होगी और कंपनियों का मुनाफा घटेगा। पिछले साल जब हूती विद्रोहियों ने रेड सी रूट पर जहाजों को निशाना बनाना शुरू किया था, तब भी व्यापार में काफी अड़चन आई थी। उसकी वजह से कंपनियों की सामान लाने ले जाने की लागत अभी तक बढ़ी ही है। इस बार तो खतरा पहले से कहीं ज्यादा गंभीर है। ईरान केइजरायल पर मिसाइल अटैक के बाद से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल देखी जा रही है, जबकि इससे पहले इसमें कमी आई थी। भारत अपनी तीन चौथाई से अधिक तेल जरूरतों के लिए विदेशी बाजारों पर निर्भर है। ऐसे में इसकी कीमत बढ़ने से भारतीय इकॉनमी पर दबाव बढ़ेगा। कुल मिलाकर, अगर यह युद्ध फैलता है तो आर्थिक संकट का दुष्चक्र शुरू होगा, जिसकी कीमत दूसरे देशों सहित भारत को भी चुकानी पड़ेगी।

## डिजिटल युग में फर्जी खबरें

डिजिटल युग में फर्जी खबरें (फेक न्यूज) बड़ी चुनौती बनकर उभरी हैं, जिसमें जनता को गुमराह करने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को बाधित करने की क्षमता है। हालाँकि, गलत सूचना को संबोधित करने में, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1) के तहत गारंटीकृत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार को संतुलित करना आवश्यक है। चुनौती नागरिकों के असहमति व्यक्त करने या राय व्यक्त करने के अधिकार का उल्लंघन किए बिना गलत सूचना का मुकाबला करने में है। यह पवित्रता ही है जो समाचार को समाज में एक विशिष्ट स्थान प्रदान करती है। लेकिन फर्जी खबरों की परिघटना समाचार के मूल मूल्यों को निशाना बनाती है, जो असामाजिक तत्वों, अफवाह फैलाने वालों या उन उच्च और शक्तिशाली लोगों के निजी हितों को पोषित करती है, जो समाचार की आड़ में अपना निजी एजेंडा आगे बढ़ाते हैं। जब फर्जी खबरों को डिजिटल पंख लग जाते हैं, तो यह वायरल पत्रकारिता में बदल जाती है। यदि इसका दुरुपयोग किया जाता है, तो यह हिंसा और घृणा फैला सकती है, तबाही मचा सकती है और नागरिक समाज के लिए विनाशकारी साबित हो सकती है।

आजकल फर्जी खबरें समाचार उद्योग के साथ-साथ समाज के लिए भी बड़ी चुनौती बन गई हैं। इंटरनेट क्रांति ने फर्जी खबरों को फैलाने के लिए एक नरम आधार प्रदान किया है और यह गलत सूचना, समाचार में अशुद्धि, भ्रामक समाचारों, अर्धसत्य और कभी-कभी अत्यधिक सनसनीखेज रिपोर्टिंग का प्राथमिक कारण बन गया है, जो जनता का ध्यान खींचने और उन्हें गुमराह करने के लिए किया जाता है। सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर सूचना इतनी तेज गति से फैलती है कि विकृत, गलत या झूठी सूचना वास्तविक दुनिया में कुछ ही मिनटों में लाखों उपयोगकर्ताओं के लिए प्रभाव पैदा करने की जबरदस्त क्षमता रखती है। फेसबुक और एक्स जैसी सोशल नेटवर्किंग साइट्स और व्हाट्सएप जैसे मैसेजिंग ऐप फर्जी खबरें फैलाने के लिए उपजाऊ प्लेटफॉर्म बन गए हैं। इस पृष्ठभूमि में यह पेपर फर्जी खबरों की चुनौतियों, समाज पर इसके प्रभाव, फर्जी खबरों को फैलाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले डिजिटल प्लेटफॉर्म को विनियमित करने में सरकार की भूमिका, सोशल मीडिया के स्व-नियमन और सबसे बढ़कर नागरिकों और युवाओं की ज़िम्मेदारी का मूल्यांकन करने का इरादा रखता है, जो देश का भविष्य हैं। गलत सूचना की समस्या का मुकाबला करने और वाक स्वतंत्रता की सुरक्षा के बीच संतुलन हासिल करने में कई दिक्कतें हैं। 'फर्जी समाचार' या 'भ्रामक सूचना' जैसे शब्दों के लिए स्पष्ट परिभाषाओं का अभाव कानूनी अस्पष्टता उत्पन्न करता है, जिससे स्वतंत्रता संबंधी अधिकारों का उल्लंघन किए बिना सामग्री को विनियमित करना मुश्किल हो जाता है।

# नवरात्रि : नौ शक्तियों का मिलन पर्व

आदि शक्ति दुर्गा की पूजा के पावन पर्व नवरात्रि की शुरुआत हो चुकी है। नवरात्रि के ये दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है।

### शारदीय नवरात्रि (3-12 अक्तूबर) पर विशेष

**योगेश कुमार गोयल**



आदि शक्ति दुर्गा की पूजा के पावन पर्व नवरात्रि की शुरूआत हो चुकी है। नवरात्रि के ये दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। शारदीय नवरात्रि की शुरूआत इस वर्ष 3 अक्तूबर से हुई है, जिनका समापन 12 अक्तूबर को होगा।

नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके।

मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थातप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया।

मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है।

चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं।

दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है।

दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है।

दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड़ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है।

नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय 8 वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनका स्वरूप उज्जवल, कोमल, श्वेतवर्णा तथा श्वेत वस्त्रधारी है। यह एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए हुए हैं। गायन और संगीत से प्रसन्न होने वाली 'महागौरी' सफेद वृषभ यानी बैल पर सवार हैं।

नवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त सिद्धिदात्री महाज्ञान और मधुर स्वर से भक्तों को सम्मोहित करती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# ईरान-इजरायल के बीच ऐलान-ए-जंग के अंतर्राष्ट्रीय प्रभावों को समझिए

ईरान के हमले के बाद इजरायल ने दो टूक कहा कि हमारा जवाबी ऑपरेशन प्लान तैयार है। हम तय करेंगे कि जवाब कब देना है। जहां भी और जब भी होगा, हम ईरान पर हमला करेंगे। वहीं, ईरान के सेना प्रमुख ने धमकी दी कि अगर उनके देश पर हमला हुआ, तो वो इजराइल के सारे इंफ्रास्ट्रक्चर को तबाह कर देंगे। इससे तय है कि बात अभी और बढ़ेगी।

**कमलेश पांडेय**

दुनिया का थानेदार अमेरिका और उसका प्रबल प्रतिद्वंद्वी रूस (पूर्व सोवियत संघ का काबिल वारिस) के बीच अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जो कुछ भी हुआ, हो रहा है अथवा होगा, वह कोई नई बात नहीं है। क्योंकि अमेरिका-इंग्लैंड की युगलबंदी को संतुलित करने के लिए रूस-चीन का गठजोड़ रणनीतिक पूर्वक आगे बढ़ रहा है। इसलिए हाल में ईरान-इजरायल के बीच शुरू हुए ऐलान-ए-जंग के अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव को इसी परिप्रेक्ष्य में जानने-समझने की जरूरत है।

समझा जाता है कि जिस तरह से अमेरिका, यूक्रेन की पीठ थपथपा रहा है; ठीक उसी तरह से रूस, अब फिलिस्तीन, लेबनान और ईरान को शह दे रहा है। क्योंकि उसकी स्पष्ट सोच है कि यूक्रेन में अमेरिकी नेतृत्व वाले नाटो की मदद तभी थमेगी, जब वह इजरायल के बचाव में मध्यपूर्व के देशों के साथ सीधे तौर पर उलझेगा।

यही वजह है कि जब हमास और हिजबुल्लाह जैसे आतंकी संगठन अपने प्रभाव वाले इलाके में इजरायल के सामने कमजोर पड़ने लगे तो हौसलाअफजाई के लिए उनके आका ईरान को इजरायल के खिलाफ सामने आना पड़ा। उधर जब अमेरिका भी इजरायल के साथ खुले मैदान में उतर गया, तो अब ईरान के तरफदारी में रूस की घोषणा की ओर सबकी निगाहें जमीं हुईं हैं।

वैसे भी इजरायल पर एकाएक बरसीं 200 ईरानी मिसाइलों के बाद अब इजरायली प्रतिक्रिया कितनी भयानक होगी, इस ओर भी पूरी दुनिया की नजर टिकी हुई है। ऐसा इसलिए कि ईरान के हमले के बाद भी इजरायल का हिजबुल्लाह पर एक्शन थमा नहीं है। उसने लेबनान के बेरूत के दक्षिणी इलाकों में भीषण हवाई हमले किए। मतलब लेबनान में फिर बमबारी की। ये हमले हिजबुल्लाह के अहम ठिकानों पर किए गए।

ईरान के हमले के बाद इजरायल ने दो टूक कहा कि हमारा जवाबी ऑपरेशन प्लान तैयार है। हम तय करेंगे कि जवाब कब देना है। जहां भी और जब भी होगा, हम ईरान पर हमला करेंगे। वहीं, ईरान के सेना प्रमुख ने धमकी दी कि अगर उनके देश पर हमला हुआ, तो वो इजराइल के सारे इंफ्रास्ट्रक्चर को तबाह कर देंगे। इससे तय है कि बात अभी और बढ़ेगी।

इसलिए पुनः यह सवाल मौजूं है कि आखिर में प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्वयुद्ध की भयावह त्रासदी को झेलने के बावजूद समकालीन दुनिया स्थाई शांति की परिकल्पना करने के बजाय तीसरे विश्वयुद्ध की परिस्थितियों को बढ़ावा देने पर क्यों तुली हुई हैं? क्या उनका यह कदम उस लोकतंत्र के मुंह पर करारा तमाचा नहीं है, जो स्वतंत्रता-समानता-बंधुत्व की बात करते हुए नहीं अघाता है।

सही मायने में तो अब संयुक्त राष्ट्र संघ भी दुनियावी विरोधाभाषों को खत्म करने या उन्हें सुलझाने की दृष्टि से पूरी तरह से विफल साबित हो चुका है। विशेषज्ञों के मुताबिक, शीत युद्ध कालीन करतूतों की बात यदि छोड़ भी दी जाए, तो समकालीन वैश्विक करतूतें यही इशारे कर रही हैं कि हथियारों के सौदागरों को जिंदा रखने के लिए दुनियाभर में जारी छद्मयुद्धों की बजाए रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध जैसे अन्य युद्ध भी बेहद जरूरी हैं। इसलिए हर ओर विरोधाभासों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

सच कहूं तो ये वही ताकतें हैं जो भारत-पाक युद्ध, भारत-चीन युद्ध, चीन-ताइवान युद्ध को लंबा चलने देने की परिस्थिति पैदा करने में जब विफल हुईं तो उन्हें अपने ही पड़ोस में नए-नए मोर्चे खोलने पड़े। क्योंकि दुनिया की फैक्टरियों में जब हथियार बनेंगे तो उनके खपत के लायक नित्य नया क्षेत्र चुनने की पहल तो सत्ताधीशों को करनी ही होगी। बहरहाल, अमेरिकन और रूसी नेतृत्व यही कर रहा है। चीनी और भारतीय नेतृत्व भी इसी उधेड़बुन में पड़ा है। आप मानें या न मानें, लेकिन अमेरिका-रूस गुट को आपस में भिड़ाकर और लंबे युद्ध में उलझाकर उन्हें कमजोर होने देने और खुद को दुनिया का नया थानेदार बनाने की जो चीनी चाल है, और उसके दृष्टिगत भारत की जो चुप्पी है, उससे अमेरिका-रूस दोनों की घिग्गी बंधी हुई है। शायद भारत भी चीन को पछाड़कर यही मंसूबा पाले हुए है। सच कहूं तो भले ही मुस्लिम आतंकवाद कभी अमेरिकी-ब्रिटिश एजेंडा रहा हो, लेकिन अब रूस-चीन गठबंधन भी इसी एजेंडे को आगे बढ़ाकर तेल के खेल में अमेरिकी नेतृत्व वाले नाटो को पटखनी देने की रणनीति अख्तियार कर चुका है। जिसका साइड इफेक्ट्स आज इजरायल झेल रहा है और कल भारत के समक्ष भी इजरायल वाली परिस्थिति को पैदा किया जा सकता है, यदि उसका ज्यादा झुकाव अमेरिकी गुट की तरफ हुआ तो।

मसलन, पश्चिमी एशिया व मध्यपूर्व एशिया समेत दुनिया के इस्लामिक देशों और इसके कतिपय आतंकी शासकों का दुर्भाग्य यह है कि तेल से अर्जित समृद्धि का सदुपयोग वह अपने मुल्क के नागरिकों को ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के बजाए उन्मुक्त उपभोग, धार्मिक कट्टरता और आतंकवाद की भावना को पैदा करके उसको निर्यात करने में लगा दिया। क्योंकि उनके अंतर्राष्ट्रीय पॉलिटिकल बॉस को यही पसंद है। इससे इजरायल और भारत जैसे देशों की परेशानी बढ़ी, लेकिन वो यह भूल गए कि प्रकृति वही लौटाती है, जो हमलोग बांटते हैं। यही वजह है कि चाहे अमेरिका हो, रूस हो, चीन हो, या बड़े इस्लामिक मुल्क, जब प्रकृति उन्हें छद्मयुद्ध, युद्ध और आतंकवाद की सौगात वापस करने लगी है तो अब ये देश उसे संभालने-झेलने में असमर्थ ही नहीं हैं, बल्कि भौचक्के भी रह जा रहे हैं। आपको ईरान-इराक युद्ध याद होगा। ईरान-अमेरिकी जंग भी याद होगी। तालिबान (अफगानिस्तान)-अमेरिका युद्ध ज्यादा पुरानी बात नहीं हुई है।

# कर्म करने के बाद ही भाग्य का सही परिणाम मिलता है

### अध्यात्म



प्राचीन नीति शास्त्र और ग्रंथों में भाग्य का महत्व स्वीकार किया गया है, लेकिन यह भी बताया गया है कि भाग्य के साथ-साथ कर्म यानि प्रयास और पुरुषार्थ का भी बड़ा महत्व है। पंचतंत्र की एक कथा का सार भाग्य और पुरुषार्थ के रहस्य को बताता है, कथा अनुसार एक अज्ञानी व्यक्ति सोचता है कि वह बिना मेहनत किए राजा के समान जी सकता है, लेकिन उसे यह बाद में पता चलता है कि बिना कर्म के सिर्फ भाग्य पर भरोसा करने से कुछ नहीं होता। इसलिए नीति शास्त्रों में कहा गया है कि मनुष्य का भविष्य उसके हाथ में ही होता है और यदि वह सही दिशा में प्रयास करें तो वह अपने भाग्य को बदल सकता है। भाग्य और पुरुषार्थ के संतुलन को महत्वपूर्ण माना गया है। भाग्य व्यक्ति के जीवन का एक हिस्सा है लेकिन सही समय पर सही कर्म और बुद्धिमानी से निर्णय लेना भी आवश्यक है। मनुस्मृति के अनुसार अगर व्यक्ति निष्क्रिय होकर सिर्फ भाग्य का इंतजार करता है, तो वह असफल हो सकता है। कर्म करने के बाद ही भाग्य का सही परिणाम मिलता है। भाग्य से प्राप्त होने वाली परिस्थितियां हमारे वश में नहीं होती, लेकिन उन पर प्रतिक्रिया कैसे देनी है, यह हमारे हाथ में होता है। अर्जुन का उदाहरण इस बात को स्पष्ट करता है, कि भाग्य महत्वपूर्ण है, लेकिन बिना पुरुषार्थ के सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती। महाभारत के अनुसार पुरुषार्थी, भाग्य के अनुसार प्रतिष्ठा पाता है, पर अकर्मण्य असह्य दुःख भोगता है। भाग्य परिस्थितियों को निर्धारित कर सकता है, लेकिन व्यक्ति के कर्म ही उसके परिणाम को प्रभावित करते हैं। भाग्य और कर्म दोनों साथ-साथ चलते हैं, लेकिन कर्म करने वाला ही भाग्य के साथ सफल होता है। पंचतंत्र के अनुसार मनुष्य को जिस वस्तु की प्राप्ति होनी है, वह अवश्य होगी, उसमें भाग्य भी बाधा नहीं डाल सकता। जो हमारा है, वह किसी अन्य का नहीं हो सकता। कर्म और भाग्य रहस्य को समझना अत्यन्त कठिन है, इसलिए बस ज्योतिष शास्त्र के माध्यम से सही दिशा जानकर कर्म करते रहें, परिणाम खुद चलकर आपके पास आएगा।

## पत्र

### 'बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण विलुप्त होते जा रहे आदिवासी गांव'

**झारखंड** विधानसभा चुनाव में राज्य में बांग्लादेश से होने वाले घुसपैठ को भाजपा बड़ा मुद्दा बनाती हुई दिखाई दे रही है। झारखंड के पूर्व सीएम और हाल में ही बीजेपी में शामिल होने वाले चंपई सोरेन ने भी बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण एक के बाद एक आदिवासी गांव विलुप्त होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपने समाज को आदिवासियों की लूटी जा रही जमीनों के प्रति जागृत कर रहा हूं. ये लोग कहां से आ रहे हैं? यहां आप जमीन नहीं बेच सकते लेकिन गांव खत्म हो रहे हैं इसलिए आदिवासी समुदाय को जागने की जरूरत है। इससे पहले सोरेन ने 2000 में बिहार से अलग होकर बने राज्य झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठ को एक बड़ी समस्या के रूप में सूचीबद्ध किया था। इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि ये घुसपैठिए उन वीरों के वंशजों की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं जिन्होंने जल, जंगल और जमीन की लड़ाई में कभी विदेशी अंग्रेजों की गुलामी स्वीकार नहीं की। इनके कारण फूल-झानो जैसी वीरांगनाओं को अपना आदर्श मानने वाली हमारी माताओं, बहनों और बेटियों की अस्मिता खतरे में है।

**रामकुमार, अनगड़ा**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## पिंडरा मध्य विद्यालय में झामुमो मिलन समारोह का आयोजन

# जनता ही झामुमो की असली ताकत है : मंत्री मिथिलेश

**मेट्रो रेज**

गढ़वा : झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमेटी रंका के तत्वाधान में तमगे कला पंचायत के पिंडरा मध्य विद्यालय परिसर में झामुमो मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस मिलन समारोह में तमगे कला पंचायत के विभिन्न गांवों के एक हजार से अधिक लोगों ने दूसरे राजनीतिक दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो में शामिल किया. पार्टी में शामिल होने वाले सभी ग्रामीणों ने आगामी विधानसभा चुनाव में मंत्री श्री ठाकुर को ऐतिहासिक जीत दिलाने एवं राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनाने का संकल्प लिया.



पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से ग्राम पिंडरा से अनुकरण सिंह, हिरामन सिंह, रजंती देवी, धनमानी कुंअर, पच्चु सिंह, अमिता कुमारी, सुकनी देवी, कविता देवी, छोटन लोहरा, सुरेंद्र लोहरा, मनोज प्रसाद, अजय प्रसाद, सुदामा सिंह, अजय राम, रामयाद राम, जय मां भवानी युवा फुटबॉल क्लब पिंडरा के जसवंत सिंह, रंजीत सिंह, कामेश्वर सिंह, उदय सिंह, संतोष सिंह, अजीत सिंह, दिलीप सिंह, तमगे खुर्द युवा क्लब के कैप्टन दीपक पासवान, बबलू पासवान, भरदुल पासवान, जितेंद्र पासवान, संतोष सिंह, नितीश रवि, पंकज परहिया, प्रवेश राम, अरविंद सिंह, सकेंद्र भुईयां, प्रसिद्ध माझी, नारद पासवान, ग्राम जोगीखुरा से संतोष यादव, दिनकर सिंह, जुगेंद्र लोहरा, राजू राम, गुलाम जिलानी, आशा देवी, ललिता देवी, शांति देवी, रीता देवी, लालमुनि सिंह, कामेश्वर सिंह, पटेल सिंह, ग्राम मुंगदह से रामधनि सिंह, नूर आलम, रामलाल यादव, लक्ष्मण राम, सरफरोज अंसारी, तमगे कला से महेंद्र सिंह, ओमप्रकाश, धनंजय साव, बिहारी भुईयां, अरविंद सिंह सहित एक हजार से अधिक लोगां का नाम शामिल है.

मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि जनता ही झारखंड मुक्ति मोर्चा की असली ताकत है. गढ़वा सहित पूरे राज्य की जनता झामुमो के साथ है. उन्होंने कहा कि गढ़वा में हो रहे ऐतिहासिक विकास कार्यां एवं राज्य की चलायी जा रही जनहित की योजनाओ से प्रभावित होकर प्रत्येक गांव से काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं. इन सभी लोगों के पार्टी में आने से झामुमो और अधिक मजबूत हो रही है. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की चाभी जनता के हाथ में होती है. राज्य गठन के बाद पहली बार 2019 में झारखंड की जनता ने झारखंडी जनसरोकार की सरकार बनायी है. तब से पूरे राज्य में चौतरफा विकास हो रहा है. गढ़वा सहित पूरे राज्य का और अधिक विकास कार्य करने के लिए, अपना हक अधिकार पाने एवं सभी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए सभी लोग काफी मजबूती से लग कर आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा को ऐतिहासिक जीत दिलाएं. मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय सिंह छोटू सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

## जैप नौ के जवान के ऊपर बिजली का पोल गिरा

साहिबगंज : जैप नौ के जवान सुधीर कुमार के ऊपर बिजली का पोल गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।जैप नौ के अन्य जवानों ने इलाज के लिए आनन फानन में सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार जवान सुधीर कुमार जैप नौ के परिसर में अपने बाइक पर बैठ थे । ठीक बगल में एक बिजली का पोल जमीन में गड़ा हुआ था तभी अचानक बिजली का पोल टूट कर उनके सिर पर गिर गया जिससे उनके सिर पर गंभीर छोटे लगी । जैप के जवान आवाज सुनकर देख तो सुधीर खून से लथपथ गिरे पड़े थे। सभी एक दूसरा को सूचना देकर तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां गंभीर स्थिति को देखते हुऐ डाक्टर ने तुरंत बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## रजबार कोल ब्लॉक क्षेत्र के ग्रामीणों ने की बैठक

लातेहारः चंदवा प्रखंड के ग्राम रेंची अवस्थित जतराटांड़ में गुरुवार को रजबार कोल ब्लॉक क्षेत्र में पड़ने वाले गांवों के ग्रामीणों की बैठक हुई. अध्यक्षता ग्राम प्रधान बिगु उरांव ने की. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि टीवीएनएल के द्वारा लातेहार क्षेत्र में किए जाने वाले आगामी जनसुनवाई का विरोध करना है. इसके लिए रणनीति बनाई गई. अपने संबोधन में चकला के विकास कुमार भगत ने कहा कि अपनी जमीन बेचने के बाद आपकी हमारी पहचान समाप्त हो जाएगी. इसलिए जमीन बेचने से बचना चाहिए. मौके पर रजबार ग्राम प्रधान बिंदेश्वर उरांव और बीरेन्द्र उरांव समेत सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे.

## उपायुक्त ने की भू अर्जन विभाग के कार्यों की समीक्षा



**मेट्रो रेज**

साहिबगंजःसदर प्रखंड युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कौसर अलम ने मुफ्फसिल थाना के नए थाना प्रभारी मदन कुमार को शॉल ओढ़ा कर स्वागत किया।इस दौरान युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कौसर आलम ने मुफ्फसिल थाना प्रभारी से क्षेत्र में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था कैसा हो इस पर विचार विमर्श किया।वही थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में अपराध करने वाले अपराधी को किसी भी कीमत में छोड़ा नहीं जाएंगे।उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से क्षेत्र में अपराध पर अंकुश रहेगा,और अपराधियों को क्षेत्र छोड़ना पड़ेगा।वही उन्होंने क्षेत्र के लोगो से अपील करते हुए कहा कि ग्रामीण किसी भी समस्या को लेकर बेहिचक उनसे मिल सकते हैं।

## उपभोक्ताओं के बीच प्रमाण पत्र वितरण

**मेट्रो रेज**



**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रखंड अंतर्गत सातगाछी पंचायत भवन में गुरुवार को मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत के तहत बिजली बिल माफी के लाभोंको के लिए प्रमाण पत्र वितरण शिविर आयोजित किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक प्रतिनिधि एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान,सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेंब्रम,विद्युत अधीक्षण अभियंता नात्थन रजक एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में संसद की मां शांति सरोजिनी मुर्मू,20 सूत्री अध्यक्ष अशोक दास, सहायक अभियंता एई सत्यम मरांडी,कनीय अभियंता जई सभी ने मिलकर बारी-बारी से बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र बिजली उपभोक्ताओं के बीच वितरण किया गया।सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेंब्रम ने कहा झारखंड पिछली वितरण निगम लिमिटेड के घरेलू उपभोक्ता जो 200 यूनिट प्रतिमाह पूरे वर्ष में 2400 यूनिट खपत करने वाले श्रेणी में आते हैं को उल्लेखित योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है झारखंड सरकार के द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में माह अगस्त 2024 तक के बकाया बिजली बिल माफ पिछला बकाया एरियर सहित कर दिया गया है संसद की मां शांति सरोजिनी मुर्मू ने कहा सरकार ने हाल में ही राज्य के करीब और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बिजली बिलों से राहत देने के लिए महत्वपूर्ण योजना शुरू की है इस योजना का नाम है मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशियली योजना।मौके पर नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो,हीरालाल साहा सहीत अन्य पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लातेहार को विकसित जिला बनाने के लिए प्रयासरत : बैद्यनाथ राम

**मेट्रो रेज**

लातेहार : स्थानीय विधायक सह शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने गुरुवार को अपने निजी कोटे से 50 लाख के 10 योजना का ऑनलाइन उद्घाटन किया. मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी मुख्य रूप से मौजूद थे. उन्होने मानस पथ अंबाकोठी में अवस्थित सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया. इसके पूर्व स्थानीय कार्यकताओं व अन्य लोगों ने मंत्री का जोरदार तरीके से स्वागत किया. मौके पर शिक्षा मंत्री राम ने कहा कि लातेहार विधानसभा क्षेत्र में विकास की योजनाएं लगातार धरातल पर उतर रही हैं. लातेहार को विकसित जिला बनाने के लिए हर वह संभव प्रयास किया जा रहा है. यहां के लोगों को प्रदेश में ही रोजगार और नौकरी मिले यह मेरा प्रयास रहा है. मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार,प्रमोद प्रसाद सिंह, सुशील कुमार अग्रवाल, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, विनोद महालका, डा विशाल शर्मा, प्रमोद पांडेय, सुदामा गुप्ता, राजू सिंह, अंकित पांडेय, सुनील शौंडिक, दीपक कुमार, विशाल कुमार और रंजीत कुमार समेत कई लोग मौजूद थे.

## तालाब में डूबकर मजदूर की मौत

**गिरिडीह :** जिले के गांवा थाना इलाके के नोकी आहार तालाब में हासिम अंसारी का शव शुक्रवार को तैरता हुआ मिला। हरला गांव निवासी हासिम अंसारी का शव तालाब में मिलने की सूचना पर पूरे गांव के लोगो की भीड़ जुट गई। जानकारी मिलने के बाद गांवा थाना पुलिस लाके भी घटनास्थल पहुंच कर जांच की। बताया गया कि तालाब में शव को सबसे पहले वही के एक होटल के कर्मी में देखा, उसने घटना की जानकारी स्थानीय लोगों को दिया। इसके बाद परिजनों को जानकारी मिलने के बाद परिजन भी पहुंचे। पुलिस के अनुसार मृतक का चप्पल तालाब के बाहर मिला, मृतक हासिम अंसारी की पत्नी डोजी खातून ने बताया कि उसके पति गुरुवार को ही मजदूरी करने घर से निकले थे, इसके बाद वापस नहीं लौटे, वही दूसरे दिन शुक्रवार को उसका शव तालाब में पड़ा मिला। गांवा थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है, और जांच में जुट गई है।

## पलामू के पूर्णा मझिगांवा में फायरिंग, एक ही परिवार के तीन जख्मी

**पलामू :** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के पूर्णा मझिगांवा में जमीन विवाद को लेकर फायरिंग की गई, जिसमें तीन लोग जख्मी हो गए। भरठुआ बंदूक से गोली चलाई गई। सभी को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में (एमआरएमसीएच) में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसाप पूर्णा मझिगांवा में शुक्रवार सुबह सात बजे जमीन के एक मामले में गोतिया परिवार के दो पक्ष आपस में भिड़ गए। इसी क्रम में एक पक्ष के द्वारा छत से फायरिंग की गई। इस घटना में अखिलेश चौरसिया, सूर्यदेव प्रसाद और सुरेंद्र चौरसिया को गोली का छर्रा लगा। सूर्यदेव प्रसाद के गले में जख्म हो गया है। एक्स-रे रिपोर्ट के बाद उन्हें रांची रिम्स रेफर करने का निर्णय लिया जाएगा। जख्मी अखिलेश प्रसाद चौरसिया का कहना था कि गोली आशुतोष प्रसाद, राजू, जितेंद्र राकेश एवं अन्य ने छत से चलाई। 20 से 25 राउंड गोली चलाई गई। शिवदयाल महतो एवं अन्य के साथ 35 वर्ष से जमीन विवाद चल रहा है। मामला कोर्ट में है। गुरुवार को शिवदयाल महतो एवं अन्य लोगों ने विवादित जमीन की जबरदस्ती जुताई की थी।



## इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम का हुआ उद्घाटन

**मेट्रो रेज**

साहिबगंज : बोरियो क्षेत्र के आईटीआई लोहंडा के पास इलेक्ट्रिक बाइक और स्कूटी कृष्णा मोटर्स शोरूम का उद्घाटन वेद प्रकाश खुडानिया,जगदीश प्रसाद नर्सरिया,सुनील भरतीया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।कंपनी के प्रोपराइटर अभिषेक कुमार ने बताया कि यह इलेक्ट्रिक बाइक और स्कूटी शहर में पर्यावरणीय दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।यह नई पहल न केवल प्रदूषण में कमी लाने में मदद करेगी,बल्कि लोगों को किफायती और बेहतर यातायात विकल्प भी प्रदान करेगी।उन्होंने बताया कि साहिबगंज में यह इलेक्ट्रिक वाहनों का आगमन शहरी परिवहन के भविष्य को और भी स्थायी बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल है।श्री कुमार ने बताया कि इसके उद्घाटन से साहिबगंज में इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता बढ़ने की संभावना है,जो शहर की यातायात समस्या और प्रदूषण पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।वही मौके पर लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि शहर में इस प्रकार के शोरूम के खुलने से यातायात समस्या,पेट्रोल पर निर्भरता,पैसे की बचत और प्रदूषण से निजात दिलाने में मदद दिलाएगी। शोरूम के प्रोपराइटर अभिषेक कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा में ग्राहकों को खास ऑफर देने की बातें कही।मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान

**मेट्रो रेज**



**साहिबगंज :** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय पंडित के नेतृत्व में झारखंड में सत्ता परिवर्तन हेतु साहिबगंज जिला मुख्यालय में जनसंपर्क अभियान आरंभ किया गया।इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा साहिबगंज के जिला अध्यक्ष संजय पंडित ने झारखंड के भ्रष्ट हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने कई राष्ट्रीय योजनाओं को झारखंड की धरती से लांच कर राज्य को लांचिंग पैड बना दिया है.चाहे वह मुद्रा योजना हो,आयुष्मान भारत योजना हो,15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा को शुभारंभ करना हो या फिर आदिवासी समाज के लिए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महअभियान पीएम जन मन योजना प्रारंभ करना हो।इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के जिला मीडिया संयोजक अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि झारखंड के समुचित विकास के लिए सत्ता परिवर्तन आवश्यक है।इसलिए आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड सरकार को उखाड़ फेंकना ही हमारा एकमात्र लक्ष्य है।मौके पर भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय पंडित,अरविंद कुमार गुप्ता,कृष्णा साह,सन्नी कुमार साह,मनोज केसरी,सिद्धार्थ कुमार सहित ओबीसी मोर्चा के कई सदस्य उपस्थित थे।

**न्यूज IN ब्रीफ**

### बिजली तार को नुकसान पहुंचाने वाले को कारावास

**लातेहारः** अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शशि भूषण शर्मा की अदालत ने बिजली की तार को नुकसान पहुंचाने वाले अपराधी गुप्तेश्वर यादव को अधिकतम 18 महीनों का कठोर कारावास एवं 10 हजार रुपए जुमार्ना की सजा सुनायी है. जानकारी के अनुसार कनीय अभियंता अंकित कुमार ने मनिका थाना कांड संख्या 105/ 2021 दिनांक 22 अक्टूबर 2021 को मनिका थाना में मुकदमा दर्ज कराया था. दर्ज मुकदमा में बताया गया था कि आरोपी गुप्तेश्वर यादव गत 22 अक्टूबर 2021 को 11 हजार वोल्ट की बिजली तार के पास स्थित सेमल का पेड़ काट रहा था. पेड़ की टहनी तार पर गिर जाने से 11 हजार लाइन क्षतिग्रस्त हो गया था. मामले की जानकारी मिलने के बाद बिजली विभाग की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी. अदालत ने मामले पर संज्ञान लेते हुए आरोपी के विरुद्ध दिनांक 12 जनवरी 2024 को भादवि की धारा 427 और 3 डैमेज आफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट के तहत आरोप गठन किया था. अभियोजन पदाधिकारी रविंद्र नाथ चौरसिया के द्वारा अदालत में कुल छह गवाहों को पेश किया गया. गवाही के उपरांत शर्मा की अदालत ने गुप्तेश्वर यादव को दोषी ठहराय. शर्मा की अदालत ने भादवि की धारा 427 के तहत एक वर्ष का कठोर कारावास एवं ?5000 जुमार्ना एवं जुमार्ना नहीं भरने की स्थिति में दो माह का अतिरिक्त कारावास एवं तीन डैमेज आफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट के तहत 18 महीनों की कठोर कारावास एवं ?10 हजार जुमार्ना लगाया है. जुमार्ना नहीं देने की स्थिति में चार माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाया है. अदालत ने सभी सजाए साथ-साथ चलने का आदेश जारी किया है. मालूम हो इस मामले का स्पीडी ट्रायल कर अदालत ने महज नौ महीनों के अंतराल में मामले को निष्पादित किया है. इस मामले में सजा सुनाए जाने के बाद सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों में दहशत फैला है.

### योगासन में अमरेश, काजल रानी व अभिमन्यू बने विजेता

**गढ़वा :** जिला स्तरीय खेलो झारखंड 2024-25 के तहत वॉलीबॉल एवं योगासन प्रतियोगिता का आयोजन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट रामासाहू उच्च विद्यालय गढ़वा के स्टेडियम में किया गया. इसमें अंडर- 17 एवं अंडर-19 बॉलीबॉल प्रतियोगिता तथा अंडर-14, अंडर-17 व अंडर-19 योगासन प्रतियोगिता के विद्यार्थियों ने भाग लिया. कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पूनम श्री, वरीय सहायक दिलीप कुमार द्विवेदी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक रविशंकर सिंह, चितरंजन कुशवाहा एवं संकुल साधनसेवी देवेंद्र नाथ उपाध्याय ने संयुक्त रूप से किया. वॉलीबॉल प्रतियोगिता के अंडर- 17 संवर्ग में गढ़वा प्रखंड की टीम विजेता तथा केतार प्रखंड की टीम उप विजेता रही. इसी प्रकार अंडर-19 बालक संवर्ग में मझिआंव प्रखंड विजेता तथा रंका प्रखंड की टीम उप विजेता रही. इसी प्रकार योगासन प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक वर्ग में प्रथम उत्क्रमित उवि डोल के अमरेश सिंह एवं द्वितीय उमवि ब्लॉक कॉलोनी मेराल के आशीष कुमार रहे. अंडर-14 बालिका वर्ग में प्रथम राजकीय मवि हरिहरपुर की काजल कुमारी एवं द्वितीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चिनिया की सोनी कुमारी रही. इसी तरह अंडर-17 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान राजकीय मवि की रानी कुमारी एवं द्वितीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चिनिया की कुमारी आरती सिंह रही. जबकि अंडर-19 बालक वर्ग में प्रथम प्लस टू उच्च विद्यालय चिनिया के अभिमन्यु कुमार रहे. अंत में सभी विजेताओं के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया. इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कैशर रजा ने कहा कि खेलकूद से बच्चों के बीच अनुशासन की भावना जागृत होती है. वहीं इस तरह के आयोजन से खेल प्रतिभा निखरती है. उपस्थित लोग : मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, संकुल साधन सेवी देवेंद्रनाथ उपाध्याय, विभा रानी, मानिकचंद गुप्ता, शारीरिक शिक्षक सुशील कुमार तिवारी, संजीत कुमार, प्रदीप कुमार सहित सभी छात्राएं एवं शिक्षक गण उपस्थित थे.

### शारदीय नवरात्र में होगी सात दिवसीय भागवत कथा

**लातेहार :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा पूजा की तैयारी जोरों पर की जा रही है. इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे. प्रखंड मुख्यालय स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा सात दिवसीय श्री भागवत कथा का आयोजन किया गया है जो चार अक्टूबर से शुरू होकर 10 अक्टूबर तक चलेगा. इसकी जानकारी देते हुए दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रवि सिंह ने बताया कि भागवत कथा का प्रवचन राजस्थान की प्रसिद्ध कथावाचक पंडित वैदेही दासी विनी किशोरी जी के द्वारा किया जायेगा. उन्होंने प्रखंड मुख्यालय एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं से इस भागवत कथा में भाग लेने की अपील की है. साथ ही यह भी कहा है कि इस दौरान दुर्गा पूजा समिति ने कलश स्थापना से लेकर विजयादशमी के दिन तक प्रतिदिन अपराह्न 1:00 बजे से भंडारा का आयोजन किया है. दुर्गा पूजा को लेकर क्षेत्र के युवाओं, महिलाओं के साथ-साथ बच्चों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है. लोग दुर्गा पूजा में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं. दुर्गा पूजा के लिए बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में विशाल पंडाल के साथ-साथ मंच का भी निर्माण किया गया है. जिसमें हजारों श्रद्धालु बैठकर कथा सुन सकेंगे.

### क्षेत्र के विकास के लिए करेंगे हर संभव प्रयास- विनोद सिन्हा

**पलामू :** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी कुशवाहा विनोद सिन्हा ने जामुंडीह पंचायत के अमवां गांव में दुर्गा पूजा पंडाल में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया. इस अवसर पर कार्यकताओं और ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. कार्यक्रम में स्थानीय नेताओं और समर्थकों ने सिन्हा के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया. विनोद सिन्हा ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि वे क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे. उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को समझना और उनका समाधान करना उनकी प्राथमिकता होगी. शक्ति से बदलाव की पुकार करें. सिन्हा ने क्षेत्र की शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष जोर दिया. तरहसी प्रखंड के पाठक पगार में भी विनोद सिन्हा ने कलश यात्रा में भाग लिया और दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया. सिन्हा ने मां झलखंडी मंदिर में जाकर मां झालखंडी का आशीर्वाद लिया.




# 'बॉर्डर-2' में अहन शेट्टी की एंट्री, सनी देओल ने किया ऐलान

वर्ष 1997 में रिलीज हुई जेपी दत्ता की 'बॉर्डर' उस वक्त की सबसे बड़ी हिट और बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर फिल्म साबित हुई थी। इस मल्टीस्टारर फिल्म थी, जिसमें एक्टर सनी देयोल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, अक्षय खन्ना, पुनीत इस्सर, सुदेश बेरी, कुलभूषण खरबंदा और कई अन्य लोग नजर आए। अब 27 साल बाद इस फिल्म का सीक्वल दर्शकों के सामने आ रहा है। इस में सनी देयोल मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा एक और एक्टर के नाम का ऐलान हुआ है। वह अभिनेता कौन है? फिल्म 'बॉर्डर' में सुनील शेट्टी देखा गया था। उन्होंने भैरव सिंह के किरदार में लोगों का प्यार जीता। अब फिल्म के सीक्वल में जूनियर शेट्टी की एंट्री हो गई है। वो है सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी जो 'बॉर्डर 2' में नजर आएंगे। इस बात की जानकारी सनी देओल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर की है। हालांकि फैंस फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर उत्सुक हैं लेकिन उन्हें इस फिल्म के लिए इंतजार करना होगा। गणतंत्र दिवस पर दर्शकों को खास तोहफा मिलेगा। यह फिल्म 2026 में 23 जनवरी को रिलीज होने वाली है। फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह करेंगे। फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता द्वारा किया जाएगा। अब तक सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ औरअहान शेट्टीइनके नाम फाइनल हो गए हैं। यह देखना महत्वपूर्ण है कि इस बटालियन में और कौन से कलाकार शामिल होते हैं।

अहान शेट्टी की बात करें तो उन्होंने बॉलीवुड में डेब्यू कर लिया है। अहान ने फिल्म 'तड़प' में एक्ट्रेस तारा सुतारिया के साथ स्क्रीन शेयर किया है। इसके अलावा वह अपनी निजी जिंदगी के कारण भी हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। अहान शेट्टी और तानिया श्रॉफ पिछले 11 साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। लेकिन, उनका रिश्ता टूट गया। अहान और तानिया के बीच अनबन क्यों हुई, इस बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

## 'द दिल्ली फाइल्स - द बंगाल चैप्टर' की रिलीज डेट आई सामने, अगले साल 15 अगस्त को होगी रिलीज

फिल्म मेकर विवेक रंजन अग्निहोत्री हमेशा अपनी फिल्मों के जरिए सुर्खियां बटोरने से लेकर हलचल मचाने तक के लिए जान जाते हैं। उनकी फिल्मों की कहानियां दर्शकों पर असर डालने से लेकर उनकी बोल्ड स्टोरी टेलिंग के अंदाज को भी सामने रखती हैं। 'द ताशकंद फाइल्स', 'द कश्मीर फाइल्स' और 'द वैक्सीन वॉर' जैसी सफल फिल्में बनाने के बाद, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म मेकर अपनी अगली फिल्म 'द दिल्ली फाइल्स' के साथ एक और दिलचस्प कहानी कहने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म ने अपने




अनाउंसमेंट के बाद से ही खबरों में जगह बनाई हुई है। इसके अलावा, फिल्ममेकर ने इसे अनोखा बनाने के लिए अपनी टीम के साथ मिलकर एक लंबी और गहन रिसर्च की है। अग्निहोत्री ने इस फिल्म के लिए प्रोड्यूसर अभिषेक अग्रवाल के साथ फिर से हाथ मिलाया है, जिन्होंने द कश्मीर फाइल्स की मेकिंग में अहम भूमिका निभाई थी, इस फिल्म को काफी तारीफ मिली थी। काफी उत्सुकता के बाद, फिल्म मेकर ने मच अवेटेड फिल्म 'द दिल्ली फाइल्स' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है, जो दो पार्ट्स में बनाई जाएगी। ऐसे में उन्होंने खुलासा किया है कि 'द दिल्ली फाइल्स' - 'द बंगाल चैप्टर' 15 अगस्त, 2025 को रिलीज होगी। विवेक रंजन अग्निहोत्री ने सोशल मीडिया पर 'द दिल्ली फाइल्स' - 'द बंगाल चैप्टर' का एक दिलचस्प पोस्टर शेयर करते हुए इसकी रिलीज की तारीख की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा है, अपने कैलेंडर पर मार्क करेंः 15 अगस्त, 2025। कई सालों के रिसर्च के बाद, 'द दिल्ली फाइल्स' की कहानी एक पार्ट के लिए बहुत शक्तिशाली है। हम आपके लिए 'द बंगाल चैप्टर' लाने के लिए उत्साहित हैं - दो पार्ट में से पहला, जो हमारे इतिहास के एक अहम चैप्टर से पर्दा उठाता है। विवेक रंजन अग्निहोत्री ने अपनी फिल्म के लिए गहराई तक रिसर्च के लिए केरल से लेकर कोलकाता और दिल्ली तक यात्रा की और लोगों से मिलकर सारी जानकारी इकट्ठा की। विवेक रंजन अग्निहोत्री ने अपनी फिल्म के लिए इतनी मेहनत की है कि उन्होंने 100 से ज्यादा किताबें और 200 से ज्यादा लेख पढ़े, जो उनकी फिल्म की पटकथा को मजबूत बनाने में मदद करेंगे। इसके अलावा, उन्होंने और उनकी टीम ने 20 राज्यों में यात्रा की और 7000 से ज्यादा रिसर्च पेजेज और 1000 से ज्यादा आर्काइव आर्टिकल्स की स्टडी की है, जो उनकी फिल्म को और भी प्रभावी बनाने में मदद करेंगे। यह उनकी मेहनत और समर्पण को दर्शाता है कि वह अपने फिल्म को कितना महत्व देते हैं और कैसे वह अपने दर्शकों के लिए एक सच्ची और प्रभावी कहानी पेश करना चाहते हैं। विवेक अग्निहोत्री द्वारा डायरेक्टेड और अभिषेक अग्रवाल और पल्लवी जोशी द्वारा अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स के बैनर तले प्रोड्यूस की जाने वाली 'द दिल्ली फाइल्स' 15 अगस्त, 2025 को दुनिया भर में रिलीज की जाएगी।

## सामंथा-नागा चैतन्य के तलाक पर कोंडा सुरेखा का आपत्तिजनक बयान, एक्ट्रेस का फूटा गुस्सा



साउथ की मशहूर एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु हमेशा चर्चा में रहती हैं। एक्ट्रेस सिर्फ अपनी प्रोफेशनल लाइफ की वजह से ही नहीं बल्कि पर्सनल लाइफ की वजह से भी सुर्खियों में रहती हैं। हालांकि सामंथा रुथ प्रभु और नागा चैतन्य के तलाक की चर्चा काफी समय से चल रही है, लेकिन दोनों के बारे में अभी भी बातें होती रहती हैं। ऐसे में नागा चैतन्य के दूसरी एक्ट्रेस के साथ सगाई कर इन चर्चाओं को और हवा मिल गई है। इस बीच, तेलंगाना कैबिनेट मंत्री कोंडा सुरेखा ने कहा है कि नागा चैतन्य और सामंथा के तलाक के पीछे बीआरएस अध्यक्ष केटी रामा राव थे। अब सामंथा ने अपना जवाब दिया है। एक पोस्ट लिखते हुए सामंथा ने कोंडा सुरेखा को संबोधित करते हुए कहा, ₹एक मंत्री के तौर पर आपको यह एहसास होना चाहिए कि आपका भाषण बहुत महत्वपूर्ण है और आपको दूसरों की निजता का सम्मान करना चाहिए।

**सामंथा रुथ प्रभु ने क्या कहा?**

सामंथा रुथ प्रभु ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट लिखा है। इसमें एक्ट्रेस ने कहा, 'एक महिला होने के नाते, बाहर काम करना और एक ग्लैमरस इंडस्ट्री में सर्वाइव करना, जहां महिलाओं को ज्यादातर वस्तुओं की तरह माना जाता है। प्यार में पड़ना और प्यार में रहना, एक-दूसरे के साथ खड़ा होना और उसके लिए लड़ना... इसके लिए बहुत साहस की जरूरत होती है। कोंडा सुरेखा गारू, मुझे अपनी यात्रा पर गर्व है, कृपया इसका इस तरह अपमान न करें। मुझे आशा है कि आप जानते होंगे कि एक मंत्री के रूप में, आपके शब्द और आपके शब्द बहुत मायने रखते हैं। मैं आपसे लोगों की निजता का सम्मान करने का अनुरोध करती हूं।

**तलाक के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस कहती हैं...**

अपने तलाक के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने आगे लिखा, 'मेरा तलाक मेरा निजी मामला है और मैं आपसे अनुरोध करूंगी कि आप इसके बारे में कोई धारणा न बनाएं। चीज़ों को निजी रखने के हमारे निर्णय का मतलब ग़लत बयान देना नहीं है। मैं स्पष्ट करना चाहूंगी कि हमारा तलाक आपसी सहमति से हुआ था और इसमें कोई राजनीतिक साजिश शामिल नहीं थी। कृपया मेरा नाम अपने राजनीतिक सूत्र से दूर रखें?



**सामंथा की पोस्ट**

तलाक के बाद सामंथा और नागा अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गए हैं। जहां सामंथा अपने काम में व्यस्त हैं वहीं नागा चैतन्य ने एक्ट्रेस शोभिता धूलिपाला से सगाई कर ली है और दोनों जल्द ही शादी करने वाले हैं।



## पर्सनल लाइफ को लेकर अनन्या ने किया खुलासा

अनन्या पांडे फिलहाल विक्रमादित्य मोटवानी द्वारा निर्देशित 'कंट्रोल' फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म के मौके पर उन्होंने बताया कि ब्रेकअप के बाद वह क्या करती हैं। इस बार उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने अपने एक पूर्व बॉयफ्रेंड की तस्वीरें भी जला दी थीं। उन्होंने यह भी बताया कि ब्रेकअप जैसी चीजों को अब अधिक समझदारी से संभाला जाता है। एक इंटरव्यू में अनन्या ने बताया कि वह ब्रेकअप से कैसे उबरती हैं। अनन्या ने कहा, 'परिस्थिति का सामना करें। ब्रेकअप को स्वीकार करें, क्योंकि इस दुनिया में कुछ भी स्थायी नहीं है। आप निश्चित रूप से इससे बाहर निकलने का रास्ता खोज लेंगे।' जब फिल्म निर्माता विक्रमादित्य मोटवानी से यही सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ब्रेकअप से निपटना जरूरी है। उन्होंने कहा, आपको इससे निपटना होगा, या तो किसी से बात करके या उनकी तस्वीर जलाकर। क्या अनन्या ने कभी दिल टूटने पर अपने एक्स बॉयफ्रेंड की तस्वीरें जलाईं? पूछने पर उन्होंने कहा, ₹अब मैं ऐसा नहीं करती, लेकिन पहले करती थी। वास्तव में मैं पृथ्वी पर अकेली ऐसी व्यक्ति नहीं हूं जो ऐसा करती है, बहुत से लोग ऐसा करते हैं। क्योंकि यह गुस्सा करने का एक अच्छा तरीका है। अनन्या ने इस बार 'जब वी मेट' में करीना कपूर के किरदार गीत का जिक्र किया। अनन्या के मुताबिक, वह असल जिंदगी में गीत की तरह हैं। अनन्या पांडे और अभिनेता आदित्य रॉय कपूर दोनों के डेटिंग की अफवाह थी। दोनों की कई वेकेशन तस्वीरें वायरल हुईं।

## तारक मेहता के रोशन सोढ़ी की 'बिग बॉस 18' में हुई एंट्री



हर कोई उत्सुक है रियल्टी शो बिग बॉस के लिए, 'बिग बॉस 18' का ऐलान हो चुका है। सलमान ख़ान इस साल 18वें सीजन के भी होस्ट हैं। सीज़न का भव्य प्रीमियर 6 अक्टूबर को होगा। इस समय हर कोई यह देखने उत्सुक हूं कि कौन से चेहरे शो में भाग लेंगे। टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा का नाम कंफर्म हो गया है। इस बीच चर्चा है कि सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोढ़ी का किरदार निभाकर पॉपुलर हुए एक्टर गुरुचरण सिंह भी शो में एंट्री करेंगे। 51 साल के गुरुचरण सिंह अप्रैल महीने में चर्चा में थे। वह दिल्ली स्थित अपने घर से मुंबई के लिए निकले, लेकिन एयरपोर्ट नहीं पहुंचे। उन्होंने मुंबई की फ्लाइट नहीं पकड़ी। उसके लापता होने की सूचना मिली थी। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। 25 दिन बाद वह खुद ही घर लौट आया। आर्थिक तंगी से उपजे अवसाद के कारण वह गायब हो गये। रिपोर्ट्स के मुताबिक अब गुरुचरण को बिग बॉस 18 का ऑफर मिला है। वह अपने हँसमुख स्वभाव के कारण लोकप्रिय हो गये। ऐसे में हर कोई इस बात को लेकर उत्सुक है कि वह बिग बॉस से कैसे सबका मनोरंजन करेंगे। इसके अलावा बिग बॉस 18 के लिए एक और नाम कन्फर्म हो गया है। 'वायरल भाभी' नाम से सुर्खियों में आईं हेमा शर्मा बिग बॉस में एंट्री लेंगी। ऐसी अफवाह है कि उन्हें रातों-रात शो के लिए फाइनल कर लिया गया है। वह सलमान खान की फिल्म 'दबंग 3' में नजर आई थीं।

# नेशंस लीग मैचों के लिए फ्रांस की टीम से बाहर हुए एमबाप्पे

एजेंसी

**पेरिस :** फ्रांस के कप्तान काइलियन एमबाप्पे को इस महीने अपनी टीम के यूईएफए नेशंस लीग मैचों से बाहर रखा गया है, कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने गुरुवार को टीम की घोषणा की। रियल मैड्रिड के स्टार खिलाड़ी एमबाप्पे जांघ की चोट के कारण थोड़े समय के लिए मैदान से बाहर रहे और बुधवार को चैंपियंस लीग में लिली के खिलाफ 1-0 की आश्चर्यजनक हार में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में नजर आए। हालाँकि, 25 वर्षीय एमबाप्पे इजराइल और बेल्जियम के खिलाफ फ्रांस के खेलों में कोई भूमिका नहीं निभाएंगे, यह निर्णय स्पष्ट रूप से एमबाप्पे को आराम करने और अपनी फिटनेस पर काम करने का मौका देने के लिए लिया गया है। फ्रांस गुरुवार, 10 अक्टूबर को इजराइल से खेलेगा, जो मध्य पूर्व में सुरक्षा स्थिति के कारण बुडापेस्ट में स्थानांतरित किया गया था। 2021 में नेशंस लीग विजेता लेस ब्लेस, इसके बाद सोमवार, 14 अक्टूबर को ब्रुसेल्स में बेल्जियम से भिड़ेंगे। ग्रुप ए2 में अपने पहले दो मुकाबलों के बाद फ्रांस के तीन अंक हैं, जिसमें छह अंकों के साथ इटली शीर्ष पर है।



### फ्रांस की टीम इस प्रकार है-

- गोलकीपर : अल्फोंस एरियोला (वेस्ट हैम यूनाइटेड/इंग्लैंड), माइक मेगनन (एसी मिलान/आईटीए), ब्राइस सांबा (लेंस)।
- डिफेंडर : जोनाथन क्लॉस (नाइस), लुकास डिग्ने (एस्टन विला/इंग्लैंड), वेस्ले फोफाना (चेल्सी/इंग्लैंड), थियो हर्नांडेज़ (एसी मिलान/आईटीए), इब्राहिमा कोनाटे (लिवरपूल/इंग्लैंड), जूल्स कोंडे (बार्सिलोना/ईएसपी), विलियम सलीबा (आर्सेनल/इंग्लैंड), डेयोट उपमेकानो (बायर्न म्यूनिख/जर्मनी)।
- मिडफील्डर : एडुआर्डो कैमाविंगा (रियल मैड्रिड/ईएसपी), यूसुफ फोफाना (एसी मिलान/आईटीए), माटेओ गुएन्डौजी (लाजियो/आईटीए), मनु कोन (रोमा/आईटीए), ऑरेलियन टचौमेनी (रियल मैड्रिड/ईएसपी), वॉरेन ज़ैरे-एमरी (पेरिस सेंट-जर्मेन)।
- फॉरवर्ड : ब्रैडली बारकोला, ओसमान डेम्बेले, रैंडल कोलो मुआनी (सभी पेरिस सेंट-जर्मेन), क्रिस्टोफर न्कुंकू (चेल्सी/इंग्लैंड), माइकल ओलिस (बायर्न म्यूनिख/जर्मनी), मार्कस थुरम (इंटर मिलान/इटली)।

## महिला टी-20 विश्व कप : कप्तान फातिमा सना के आलराउंड प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने श्रीलंका को हराया

एजेंसी

**शारजाह :** कप्तान फातिमा सना के आलराउंड प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने गुरुवार रात शारजाह में आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप के दूसरे मैच में श्रीलंका को 31 रन से हरा दिया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 116 रन बनाए और फिर शानदार गेंदबाजी करते हुए श्रीलंका को 85/9 पर रोक दिया। पाकिस्तानी कप्तान सना (2/10) ने श्रीलंका की सलामी बल्लेबाज चमारी अट्टापट्टू को आउट करके महत्वपूर्ण शुरुआती सफलता हासिल की और पाकिस्तान को जीत की राह पर ले आईं। श्रीलंका के लिए केवल सलामी बल्लेबाज विशमी गुणारत्ने (34 गेंदों पर एक चौके की मदद से 20 रन) और नीलाक्षिका सिल्वा (25 गेंदों पर 22 रन) ही दोहरे अंक तक पहुंच सकीं। पाकिस्तान के लिए सना के अलावा सादिया इकबाल ने 17 रन देकर 3 विकेट लिए। यह एक ऐसा मैच था जिसमें गेंद का काफी दबदबा रहा, श्रीलंका के गेंदबाजों ने भी पाकिस्तान पर अंकुश लगाए रखा, लगातार विकेट लेते हुए बल्लेबाजी लाइनअप को सीमित कर दिया, हालांकि कप्तान सना ने बल्ले से भी कमाल करते हुए 20 गेंदों पर 30 रन बनाए और शीर्ष स्कोरर रहीं। श्रीलंका के तीन गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें चमारी ने 18 रन देकर 3 विकेट झटके। मैच में पाकिस्तान की नई कप्तान फातिमा सना ने शारजाह में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन श्रीलंकाई गेंदबाजों ने लगातार विकेट लेते हुए पाकिस्तानी बल्लेबाजों को दबाव में रखा। सुगंधिका कुमारी ने दोनों सलामी बल्लेबाजों गुल फिरोजा (4 गेंदों में 2 रन) और मुनीबा अली (14 गेंदों में 11 रन) को पावरप्ले में चलता किया। इसके बाद चमारी ने सिदरा अमीन (10 गेंदों में 12 रन ) को और कविशा दिलहारी और उदेशिका प्रबोधनी ने क्रमशः ओमाइमा सोहेल (19 गेंदों में 18 रन) और निदा डार (22 गेंदों में 23 रन) को आउट कर पाकिस्तान के मध्यक्रम को तोड़ दिया। इसके बाद कप्तान फातिमा ने आलिया रियाज को बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजा, जिससे उनकी स्थिति 'फिनिशर' के रूप में सामने आई। वे पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करती हैं, लेकिन इस मैच में सातवें नंबर पर आईं। लेकिन चमारी ने लगातार गेंदों पर तुबा हसन और रियाज को आउट कर पाकिस्तान को परेशानी में डाल दिया। इसके बाद कप्तान सना ने सिर्फ़ 20 गेंदों पर 30 रन बनाए, जिसकी बदौलत पाकिस्तान ने 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 116 रन का स्कोर खड़ा किया।




जवाब में श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 85 रन ही बना सकी। श्रीलंका के लिए विशमी गुणारत्ने (20) और नीलाक्षिका सिल्वा (22 रन) ही दोहरे अंक तक पहुंच सकीं। बाकी कोई भी बल्लेबाज दहाई तक नहीं पहुंच सका।

## ग्लोबल शतरंज लीग 2024: अर्जुन और प्रज्ञानानंद के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला ड्रॉ पर हुआ समाप्त

**लंदन:** टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे संस्करण के सबसे प्रतीक्षित खेलों में से एक पहले दिन हुआ। शतरंज ओलंपियाड में भारत की जीत में शामिल दो युवा सितारे गुरुवार को फ्रेंड्स हाउस में एक-दूसरे से भिड़े। गंगा ग्रैंडमास्टर्स का प्रतिनिधित्व करने वाले अर्जुन एरिगैसी और अल्पाइन एसजी पाइपर्स के लिए खेल रहे आर. प्रज्ञानानंद ने अपना खेल बराबरी पर समाप्त किया। हालांकि, अल्पाइन एसजी पाइपर्स ने मैच 11-6 से जीत लिया। अन्य मैचों में, अमेरिकन गैम्बिट्स ने अपग्रेड मुंबा मास्टर्स को 11-6 से हराया और पीबीजी अलास्का नाइट्स ने गत विजेता त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स को 15-3 से हराया। इस व्यापक जीत ने अलास्का नाइट्स को शुरुआती बढ़त हासिल करने में मदद की। नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव, शखरियार ममीदारोव और निहाल सरीन की जीत ने अलास्का नाइट्स को पाइपर्स और मुंबा मास्टर्स से आगे निकलने में मदद की। पाइपर्स की जीत रिचर्ड रैपॉर्ट और पूर्व महिला विश्व चैंपियन होउ यिफान द्वारा सुनिश्चित की गई।

# उत्तर प्रदेश के मीरजापुर में ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर सवार 10 लोगों की मौत

एजेंसी

**मीरजापुर ।** मीरजापुर जिले में गुरुवार देरात जीटी रोड पर कटका गांव के पास ट्रक की टक्कर से 10 लोगों की मौत हो गई। इस ट्रक ने समीपवर्ती भदोही जिले से बनारस जा रहे ट्रैक्टर को पीछे से टक्कर मार दी। ट्रैक्टर में 13 लोग सवार थे। हादसे में ट्रैक्टर सवार 10 लोगों की मौत हो गई। तीन लोग घायल हैं। मीरजापुर के पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने हादसे की पुष्टि की है।

उन्होंने बताया कि रात करीब एक बजे मिर्जा मुराद कंछवा बॉर्डर पर सड़क हादसे की सूचना मिली। भदोही जिले से बनारस जा रहे 13 लोगों को लेकर आ रहे ट्रैक्टर को पीछे से अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, बचाव कार्य शुरू किया गया। 13 में से 10 लोगों की मौत हो गई। अन्य तीन घायलों को



इलाज के लिए बीएचयू भेजा गया है। यह सभी 13 लोग भदोही जिले में मजदूरी करते थे। प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी की ट्रैक्टर कुछ ऊपर उछल कर सड़क के बगल नाले में चला गया । फिर ट्रक उसके ऊपर से होते हुए नाले में फंस गया। नाले में पानी भरा था। कुछ की जोरदार टक्कर तो कुछ की नाले में दबने से मौत हो गई।

**इनकी जान गई :** भानु प्रताप (26), अनिल कुमार (35), सूरज (24), विकास (24), नानक (18), नितिन (22), मुन्ना (25), टेरू (25), सनोहर (24), प्रेम शंकर (40)। गंभीर रूप से घायलों में जमुनी(26), आकाश (18) और जय (40) हैं।

## तेज रफ्तार ट्रक ने रोडवेज बस में मारी टक्कर, छह यात्री घायल

एजेंसी

**जालौन।** झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे 27 पर गुरूवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक ने रोडवेज बस में पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में रोडवेज बस क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार छह से ज्यादा यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के हाईवे पर हड़कंप मच गया। टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग गया। हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंची, जिन्होंने पुलिस को सूचना दी। साथ ही बस में सवार सभी यात्रियों को बाहर निकाला और घायल यात्रियों इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। बता दें कि पूरा मामला उरई कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे का है। गुरुवार की रात रोडवेज की बस उरई के लिए आ रही थी। तभी बस झांसी कानपुर नेशनल हाईवे 27 स्थित ग्राम बड़गांव के इंडियन पेट्रोल टैंक के पास पहुंची और बस चालक ने यात्रियों को उतारने के लिए सड़क किनारे बस को रोका। तभी झांसी की ओर से पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने खड़ी बस में टक्कर मार



दी। जिससे इलाके में हड़कंप मच गया और यात्री घायल हो गए। हादसे के चलते बस पीछे से क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग गया। इस हादसे की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल छह यात्रियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

उरई कोतवाल ने बताया कि फिलहाल घायल यात्रियों की हालत सामान्य है। फरार चालक व ट्रक का पता लगाया जा रहा है।

# इस्लामाबाद में पीटीआई का प्रदर्शन आज, टकराव की आशंका

एजेंसी

**इस्लामाबद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के डी चौक पर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के आज होने वाले विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए हुकूमत ने कड़े इंतजाम किए हैं। रावलपिंडी को इस्लामाबाद से जोड़ने वाली सड़कें बंद कर दी गई हैं। इसके अलावा फैजाबाद में सड़कों पर डबल-लेयर कंटेनर रखे गए हैं। यही नहीं अगली सूचना तक मेट्रो सेवा भी निलंबित कर दी गई है। दोपहिया वाहनों के पीछे की सीट पर सवारी करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। जियो न्यूज के अनुसार, पीटीआई के कद्दावर नेता और खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर का काफिला सुबह 11 बजे पेशावर से इस्लामाबाद के लिए रवाना होगा। वह डी-चौक पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे। उनके काफिले में प्रांतीय मंत्री, एमपीए,



एमएनए और पार्टी कार्यकर्ता शामिल होंगे। खैबर पख्तूनख्वा सरकार के प्रवक्ता बैरिस्टर मोहम्मद अली सैफ ने कहा है कि उनसे किसी भी संघीय मंत्री ने औपचारिक संपर्क नहीं किया है। डी-चौक पर प्रदर्शन करने का फैसला बरकरार है।किसी भी कीमत पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कहा जा रहा है कि अगर गंडापुर के काफिले को प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने इस्लामाबाद प्रवेश करने पर रोका तो टकराव हो सकता है। जियो न्यूज के अनुसार, संघीय सरकार के प्रतिनिधि गंडापुर से विरोध प्रदर्शन को स्थगित करने का आग्रह कर चुके हैं। अधिकारियों ने कहा कि यह मलेशियाई प्रधानमंत्री की पाकिस्तान यात्रा का अंतिम दिन है। विरोध प्रदर्शन से संदेश खराब जाएगा। प्रांतीयमंत्री मोहम्मद जहीर शाह के अनुसार गंडापुर ने अधिकारियों से कहा कि विरोध केवल इमरान खान के आह्वान पर रद्द किया जाएगा।

इस बीच इस्लामाबाद पुलिस ने कहा है कि आज सभी खिदमत मरकज केंद्र और ड्राइविंग लाइसेंस शाखाएं भी बंद रहेंगी। निजी स्कूल संघ ने भी घोषणा की है कि सभी स्कूल शुक्रवार को बंद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने डी-चौक पर आज न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

संघीय सरकार के आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा है कि इस्लामाबाद पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इमरान खान की पार्टी को विरोध प्रदर्शन के फैसले की समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अर्धसैनिक बलों, सेना और रेंजर्स को बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है अली अमीन गंडापुर ऐसा कोई कदम नहीं उठाएंगे जिससे देश की बदनामी हो। नकवी ने कहा कि पीटीआई पाकिस्तान की पार्टी है, कोई विदेशी संस्था नहीं। जब कोई राष्ट्र प्रमुख इस्लामाबाद में मौजूद हो और आप उस समय हमला करने की योजना बना रहे हों, तो यह पूरी तरह से अनुचित है।

## हॉस्पिटल में भर्ती कराकर इस्टीमेट मंगाइए इलाज का खर्च सरकार देगी : मुख्यमंत्री योगी



### अधिकारियों को दिए समस्याओं के त्वरित व संतुष्टिपरक निस्तारण के निर्देश

एजेंसी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए लोगों को आश्वस्त किया कि जिन जरूरतमंद लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, उनके इलाज का खर्च सरकार उठाएगी। इसके लिए अस्पताल से इलाज खर्च का इस्टीमेट बनाकर उनके कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद की जाएगी। शारदीय नवरात्र के पहले दिन, गुरुवार दोपहर बाद गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात की। एक-एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। सभी लोगों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। हर बार की भांति शुक्रवार सुबह के जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता संबंधी प्रार्थना पत्र लेकर आए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबको मदद का भरोसा दिया। इस दौरान एक महिला की समस्या जानते ही उन्होंने अफसरों से कहा कि उक्त महिला को हॉस्पिटल में भर्ती कराकर इलाज का इस्टीमेट मंगाइए। पैसा सरकार देगी।

## पाकिस्तान में बस खाई में गिरी, नौ की मौत, 50 घायल

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा के पश्चिमी बाइपास के पास गुरुवार को एक बस के खाई में गिर जाने से नौ लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक अन्य घायल हो गए। मृतकों में तीन बच्चे और एक महिला शामिल है। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, बस में सवार लोग शादी समारोह में हिस्सा लेने जा रहे थे। पुलिस और बचावकर्मियों ने दुर्घटनाग्रस्त बस के मलबे से शवों और घायलों को निकाला। घायलों को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। सिविल अस्पताल के प्रवक्ता डॉ. वसीम बेग ने कहा, उनके यहां नौ शव और 30 घायल यात्री



लाए गए। घायलों में से पांच की हालत गंभीर है।

मृतकों में से सात की पहचान जीनत, जांजीबार, सफिया, आलिया, बीबी आलिया, नसीबुल्लाह और हाजी नकीबुल्लाह के रूप में हुई है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है।

# जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल हो सकती है खत्म देर रात तक हुई बैठक में मिले कई संकेत

एजेंसी

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल में जूनियर डॉक्टरों द्वारा चल रही हड़ताल आज शुक्रवार को शिथिल पड़ सकती है। गुरुवार देर रात तक हुई जनरल बॉडी मीटिंग में इस बात के संकेत मिले हैं। आर.जी. कर अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों और वरिष्ठ डॉक्टरों के बीच गुरुवार देर रात तक एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें हड़ताल को लेकर चर्चा की गई। वरिष्ठ डॉक्टरों ने सुझाव दिया है कि जूनियर डॉक्टरों को पूर्ण हड़ताल से हटकर किसी और तरीके से अपना विरोध जारी रखना चाहिए। कुछ डॉक्टरों ने आंशिक हड़ताल




का प्रस्ताव भी रखा है।

जूनियर डॉक्टरों ने इस पर विचार करने के लिए अपनी जीबी बैठक आयोजित की। यह चर्चा केवल आर.जी. कर अस्पताल तक सीमित नहीं रही, बल्कि अन्य सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों के साथ एक अलग जीबी बैठक भी गुरुवार रात को हुई। इसमें इस बात पर चर्चा हुई है कि दुर्गा पूजा के समय जब बड़ी संख्या में लोग अस्पतालों में जा रहे हैं तब सेवाएं नहीं मिलने की वजह से डॉक्टरों के आंदोलन को मिल रहा जन समर्थन भी खत्म हो रहा है और नाराजगी भी बढ़ रही है। इसके अलावा कोर्ट ने डॉक्टरों को ड्यूटी करने का आदेश दिया है बावजूद इसके जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर हैं, जिसकी वजह से कानूनी कार्रवाई का भी सामना करना पड़ सकता है। जूनियर डॉक्टरों के प्रतिनिधि अनिकेत महतो ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य हड़ताल के अलावा और क्या विकल्प हो सकते हैं, इस पर विचार-विमर्श करना था।

उल्लेखनीय है कि 30 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में आर.जी. कर अस्पताल के मामले की सुनवाई के दौरान जूनियर डॉक्टरों के वकील इंदिरा जयसिंह ने अदालत को आश्वासन दिया था कि ओपीडी और आईपीडी सेवाओं में आपातकालीन सेवाएं जारी हैं।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार दबाव में कारोबार करते नजर आए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल कमजोरी के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। इसी तरह यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान बड़ी गिरावट दर्ज की गई। एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के कारण अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान घबराहट का माहौल बना रहा, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के



साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.17 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,699.94 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.04 प्रतिशत फिसल कर 17,918.48 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.18 प्रतिशत टूट कर 41,935.97 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,282.52 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 99.81 अंक यानी 1.33 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 7,477.78 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 149.34 अंक यानी 0.79 प्रतिशत टूट कर 19,015.41 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 4 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं, जबकि 4 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे हैं। चीन के स्टॉक मार्केट में छुट्टी होने की वजह से शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में आज कोई कारोबार नहीं हो रहा है।

गिफ्ट निफ्टी 108 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,416 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.33 प्रतिशत टूट कर 22,315.94 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.41 प्रतिशत लुढ़क कर 1,436.84 अंक के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,502.54 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

दूसरी ओर, निक्केई इंडेक्स 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ 38,626.88 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.20 प्रतिशत उछल कर 3,584.43 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। हैंग सेंग इंडेक्स ने आज जोरदार छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 326.15 अंक यानी 1.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,439.65 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। इसके अलावा कोस्पी इंडेक्स 0.36 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,570.80 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### कानपुरः मत्स्य आखेट के लिए सात अक्टूबर को होगी नदियों की नीलामी

**कानपुर।** मत्स्य आखेट के लिए कानपुर नगर की नदियों की नीलामी के लिए सात अक्टूबर को निर्धारित की गई है। प्रत्येक विकास खंड स्तर पर यह नीलामी अपर जिलाधिकारी की देखरेख में की जाएगी। यह जानकारी शुक्रवार को सहायक मत्स्य निदेशक कार्यालय कानपुर प्रभारी निखिल त्रिपाठी ने दी। उन्होंने बताया कि कानपुर नगर के सभी दस ब्लाकों में स्थित नदी जल क्षेत्र में मछलियों का आखेट करने के लिए प्रत्येक वर्ष नीलामी की जाती है। जिससे मत्स्य विभाग को राजस्व प्राप्त होता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वित्तीय वर्ष की नीलामी की तिथि सात अक्टूबर निर्धारित की गई है। सभी उप जिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में स्थित नदी जल क्षेत्र की नीलामी कार्य देखेंगे। मछली कारोबार से जुड़े जो भी ठेकेदार है वह अपनी बोली बोलकर ठेका ले सकेंगे। सरकार की मंशा है कि मछुआरा समाज के लोगों को मछली के कारोबार के माध्यम से अधिक मजबूत बनाया जाए।

### शॉर्ट सर्किट से कपड़ा गोदाम में लगी आग, लाखों का सामान जलकर खाक

**जालौन।** उरई कोतवाली क्षेत्र में शार्ट सर्किट से गुरुवार की देर रात एक कपड़े के गोदाम में आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। आग से गोदाम में रखा हुआ लाखों रुपये का कपड़ा जलकर खाक हो गया हुआ। जानकारी के मुताबिक उरई कोतवाली क्षेत्र के गोपालगंज मोहल्ले में स्थित कपड़े के गोदाम में बीती देर रात शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि थोड़ी ही देर में उसने गोदाम में रखें कपड़ों को अपने आगोश में ले लिया। आग की लपटों को देख आसपास के लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची अग्निशमन दल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पर पाया। फायर ब्रिगेड की टीम के अधिकारी ने बताया कि गोपालगंज के रिहायशी इलाके में ओम गुप्ता के आवास में एक कपड़े का गोदाम संचालित था। जिसमें मैक्सी बनाने का कार्य चल रहा था। शॉर्ट सर्किट की वजह से इसमें आग लग गई और लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। आग पर काबू पा लिया गया और बचा हुआ माल बाहर निकलवाया गया।

### कोलकाता समेत पश्चिम बंगाल के कई जिलों में भारी बारिश की संभावना

**कोलकाता।** महानगर कोलकाता में अगले 24 घंटों के दौरान आसमान में बादल छाए रहने और हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। कुछ इलाकों में गरज के साथ बौछारें भी पड़ सकती हैं। इसकी वजह से दुर्गा पूजा के समय पूजा आयोजकों और पंडाल घूमने वालों के आनंद में खलल पड़ सकता है। मौसम विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, कोलकाता का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। बीते 24 घंटों के दौरान कोलकाता में 22.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस (-0.3) और न्यूनतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस (+0.1) रहा। वहीं, कोलकाता का अधिकतम आर्द्रता स्तर 97 फीसदी और न्यूनतम 69 फीसदी दर्ज किया गया है। पश्चिम बंगाल के अन्य जिलों में भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। राज्य में बने निम्न दबाव क्षेत्र की वजह से दक्षिण 24 परगना, उत्तर 24 परगना, हावड़ा, हुगली, मिदनापुर और पुरुलिया जैसे जिलों में भी बारिश होने की संभावना है। इन इलाकों में गरज-चमक के साथ भारी बारिश हो सकती है, जिससे जनजीवन प्रभावित होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में बने इस निम्न दबाव क्षेत्र की वजह से पूरे राज्य में अगले कुछ दिनों तक मौसम इसी तरह रहेगा।

### इजराइल के हमले में हिजबुल्लाह की मिसाइल टीम का प्रमुख सदस्य अनीसी मारा गया

**बेरूत/तेहरान।** गाजा में आतंकी संगठन हमास का साथ दे रहा ईरान समर्थित आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह को इजराइल ने खून के आंसू बहाने के लिए मजबूर कर दिया है। हिजबुल्लाह सरगना नसरल्लाह के मारे जाने के बाद अब उसके बाकी गुर्गे एक-एक कर ढेर हो रहे हैं। इजराइल की एयर स्ट्राइक में अब महमूद युसेफ अनीसी मारा गया है। वह लेबनान में हिजबुल्लाह की सटीक-निर्देशित मिसाइल निर्माण श्रृंखला का प्रमुख आतंकवादी था। इजराइल सुरक्षा बलों (आईडीएफ) के एक्स हैंडल में यह जानकारी दी गई है। आईडीएफ के अनुसार, अनीसी 15 साल पहले हिजबुल्लाह में शामिल हुआ था। उसे घातक हथियारों के निर्माण में महारत हासिल थी। आईडीएफ ने कहा है कि हिजबुल्लाह के खात्मे का अभियान जारी रहेगा। इस बीच द टाइम्स ऑफ इजराइल ने न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट की रिपोर्ट के हवाले से कहा है कि इजराइल के लड़ाकू विमानों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में बम गिराकर हिजबुल्लाह के हशेम सफीदीन के भूमिगत बंकर को निशाना बनाया। इस बंकर में सफीदीन के साथ वरिष्ठ हिजबुल्लाह नेता भी थे। आईडीएफ का कहना है कि वेस्ट बैंक में फाइटर जेट के दुर्लभ हमले में हमास के कई गुर्गे भी मारे गए। फाइटर जेट ने गुरुवार देररात तुलकेरेम में हमला किया। फिलिस्तीनी प्राधिकरण के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इस हमले में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। आईडीएफ और शिन बेट ने संयुक्त बयान में कहा है कि तुलकेरेम में हमास के शीर्ष कमांडर जही यासर अब्द अल-रजेक औफी और कई अन्य गुर्गों को निशाना बनाया गया।

#### खामेनेई की तकरीर पर नजर

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई आज (शुक्रवार) की नमाज का नेतृत्व करेंगे। इस मौके पर वह अपनी तकरीर में इजराइल पर चर्चा कर सकते हैं। उनकी आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, सर्वोच्च नेता मध्य तेहरान में इमाम खुमैनी ग्रैंड मोसल्ला मस्जिद में प्रार्थना में मुसलमानों का नेतृत्व करेंगे।

### इजराइल-ईरान जंग का असर, कच्चे तेल की कीमत में उछाल, ब्रेंट क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** इजराइल-ईरान जंग के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उछाल है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का मूल्य करीब चार डॉलर प्रति बैरल उछलकर 78 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.05 डॉलर यानी 0.06 फीसदी की बढ़त के साथ 77.67 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.08 डॉलर यानी 0.11 फीसदी की उछाल के साथ 73.79 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

# ईसाई आदिवासी भी अपने भाषा संस्कृति को समझते और मानते हैं : बिक्सल कोनगाड़ी

## भाजपा-झापा द्वारा आदिवासी ईसाई समाज के विरुद्ध फैलाया गया प्रोपेगेंडा पुरी तरह से गलतः विधायक

मेट्रो रेज

**कोलेबिराः** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के लचड़ागढ़ में विधायक मद से स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद तेलंगा खड़िया के आदमकद प्रतिमा का शिलान्यास विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के द्वारा किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम को खड़िया पाहन पुजार के सरना विधि विधान स सम्पन्न कराया गया।



विधायक कोनगाड़ी ने उपस्थित सभी समाज के लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वीर शहीद तेलंगा खड़िया का जन्म गुमला जिले के मुरगू में हुआ। तेलंगा खड़िया अपने समाज,अपने भाषा,संस्कृति,जल,जंगल,जमीन की लड़ाई अंग्रेजों और जमींदारों के क्रूरता पूर्ण रवैया के खिलाफ लड़ी। तेलंगा खड़िया को अपने अधिकार को बचाने के लिए जो लड़ाई लड़ी, उसके आरोप में 18 सालों तक बेड़ी में जकड़कर जेल में रखा गया,18 साल बाद तेलंगा खड़िया जी से ये कहकर जेल से निकाला गया कि अंग्रेजों और जमींदारों के खिलाफ उलगुलान नहीं करोगे,तब जाकर जेल से तेलंगा

खड़िया को निकाला गया,किन्तु वीर तेलंगा खड़िया एवं उनके अनुनायी नहीं माने और पुनः उलगुलान बोल दिया।इसका नतीजा ये हुआ कि जब वे सरना विधि से पूजा कर रहे थे उस समय पीठ में वार कर हत्या कर दिया गया। शिलान्यास के उपरान्त विधायक ने कहा कि आज वही अंग्रेजों की नीति तोड़ो फोड़ो और राज करो कि नीति भाजपा के सरकार द्वारा पुर्व में किया गया तथा वर्तमान में भी केंद्र सरकार द्वारा किया जा रहा है।आज भाजपा आदिवासियों को एक साज़िश के तहत लड़ा कर आदिवासियत को समाप्त करने का नियत बना लिया है।भाजपा कहती हैं कि जो लोग अपने मूल धर्म को छोड़ कर अन्य धर्म को अपना लिए हैं वो आदिवासी नहीं है। जो अन्य धर्म को अपना लिए हैं,वो अपने भाषा संस्कृति परम्परा को भूल गए हैं,वैसे लोगों को डीलिस्टिंग करते हुए आदिवासी का लाभ नहीं दिया जाए।और आदिवासी सूचि से हटा दिया जाए।जबकि ये आरोप सरासर झूठा, द्वेष और पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर आदिवासी समुदाय को खत्म करने का साजिश है।ताकि उनके अधिकार के जल जंगल जमीन खनिज सम्पदा नौकरियों में आरक्षण और जनप्रतिनिधियों का आरक्षित पदों को छीना और खत्म किया जा सके।ये सभी षड्यंत्र संबिधान द्वारा प्रदत्त अनुच्छेद 15 एवं 26 के विरुद्ध है।मैं आप सभी को ये बता देना चाहूँगा कि आज हम सभी महापुरुषों को याद कर रहे हैं।उन सभों ने अपनी जान गंवा दी, उन्होंने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया ताकि हमारी जमीन बच सके, हमारी भाषा, संस्कृति,परंपरा, हमारी आदिवासियत बची रहे।लेकिन आज हमारे समाज पर विरोधी पार्टियों की नजर है।वे नही चाहते कि हमारा समाज एकजुट रहे।हमारी संस्कृति को खत्म किया जा सके।भाषा,परंपरा एवं आदिवासियत खत्म किया जा सके। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए आज यहां पर लोग खुशी में अपने संस्कृति भाषा को अभी जिन्दा रखे हुए हैं।आज नाच गान कर रहे हैं।अपने कला के माध्यम से विरोधियों को मुंह तोड़ जवाब देने का काम कर रहे हैं।वे ये बता रहे हैं कि हम चाहे किसी भी धर्म को मानते हो, हम अपनी आदिवासियत को नही भुले हैं।

इस कार्यक्रम में बहुत सारे नृत्य मण्डलियों के द्वारा अपना प्रस्तुति प्रस्तुत किया गया। इसके लिए विधायक द्वारा प्रोत्साहन के रूप में प्राईज भी बितरित किया गया। प्रथम,द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में मांदर तथा सभी भाग लेने वाले प्रतिभागी टीमों के सभी सदस्यों को पारंपरिक साड़ी दिया गया।

मौके पर पाहन हुकुम पाहन,किसुन पाहन, पुजार पलटु बाघवार,उप पाहन फिरनाथ पहन,इंदा पहनखड़िया समाज के नागपुर परगना सोहर जोन टेटे,पी० कुलकांत केरकेट्टा अखिल भारतीय खड़िया महाडोकलो सोहोर,जोन टेटे नागपुर परगना सोहोर,मतियस कुल्लू तेलंगाना खड़िया स्मारक समिति सिमडेगा सोहोर,जिला विधायक प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष रावेल लकड़ा,प्रखंड अध्यक्ष सुलभ डुंगडुंग,जिरेन मड़की मुखिया लचरागढ़, जमीर खान अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव,जमीर हसन अल्पसंख्यक जिला सचिव,सुनिल जोजो घुटबहार पंचायत अध्यक्ष,जोन दा मंडल अध्यक्ष ठेठईटांगर, अलेक्जेंडर टोप्पो,सुनिल खड़िया पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कोलेबिरा,फुलकेरिया डांग कांग्रेस प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव,सुरेश द्विवेदी वर्किंग कमेटी सदस्य,क्लेमेंट टेटे कांग्रेस प्रदेश अल्पसंख्यक महासचिव,राकेश कोनगाड़ी कांग्रेस पश्चिमी मंडल अध्यक्ष,भागीरथी साहू ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष, अनील समद राष्ट्रीय कांग्रेस प्रखंडउपाध्यक्ष,जोसेफ सोरेंग कांग्रेस पूर्वी मंडल अध्यक्ष,अल्बिनुस लुगुन कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष लचरागढ़,सुनीता डुंगडुंग,सुबल सुमन कुल्लू, आनंद डुंगडुंग,ब्रदर विनोद कुल्लू,फेलिक्स बिलुंग,अन्थोनी बाघवार कांग्रेस जिला सचिव,विजय बाघवार, जॉर्ज कंडुलना,कल्याण टेटे, जेवियर होबो,बेंजामिन लकड़ा, पी० कुलकांत केरकेट्टा अखिल भारतीय खड़िया महाडोकलो सोहोर,जोन टेटे नागपुर परगना सोहोर,मतियस कुल्लू तेलंगाना खड़िया स्मारक समिति सिमडेगा,अलेक्जेंडर टोप्पो,सुनिल खड़िया पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कोलेबिरा,रावेल लकड़ा विधायक प्रतिनिधि अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष, सुलभ नेल्सन डुंगडुंग,फुलकेरिया डांग कांग्रेस प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव,सुरेश द्विवेदी वर्किंग कमेटी सदस्य,क्लेमेंट टेटे कांग्रेस प्रदेश अल्पसंख्यक महासचिव,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कोलेबिरा, राकेश कोनगाड़ी कांग्रेस पश्चिमी मंडल अध्यक्ष,भागीरथी साहू ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष, अनील समद राष्ट्रीय कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष,जोसेफ सोरेंग कांग्रेस पूर्वी मंडल अध्यक्ष,अल्बिनुस लुगुन कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष लचरागढ़,सुनीता डुंगडुंग,सुबल सुमन कुल्लू, आनंद डुंगडुंग,ब्रदर विनोद कुल्लू,फेलिक्स बिलुंग,अन्थोनी बाघवार कांग्रेस जिला सचिव,विजय बाघवार, जॉर्ज कंडुलना,कल्याण टेटे, जेवियर होबो,बेंजामिन लकड़ा,प्रदीप टेटे तेलंगा खड़िया समिति कोलेबिरा अध्यक्ष सहित हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दुर्गा पूजा को लेकर गोइलकेरा बाजार में हुई सफाई

**चाईबासा :** गोइलकेरा में दुर्गा पूजा का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इसकी तैयारियां पूजा समितियों ने शुरू कर दी हैं। गोइलकेरा के ओम श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति व श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति के पंडाल का निर्माण कार्य अंतिम चरण पर है. इधर दुर्गा पूजा को लेकर गुरुवार को गोइलकेरा प्रखंड के बीडीओ विवेक कुमार के निर्देश पर गोइलकेरा बाजार व आसपास क्षेत्र में जेसीबी लगाकर नालियों व अन्य स्थानों पर साफ-सफाई की गई। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले तीन सालों से नालियों की साफ-सफाई नहीं होने के कारण बदबू से लोग परेशान रहते थे. दुर्गा पूजा के मद्देनजर साफ-सफाई होने से लोगों को बदबू से राहत मिलेगी. इस मौके पर बीडीओ विवेक कुमार, थाना प्रभारी कमलेश राय भी मौजद थे।

### सदर व झींकपानी प्रखंड में 10 करोड़ से चार सड़कों की होगी मरम्मत

**चाईबासा :** विधानसभा क्षेत्र के सदर व झींकपानी प्रखंड में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क निर्माण योजना के तहत करीब 10 करोड़ की लागत से चार सड़कों की मरम्मत होगी. परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा ने गुरुवार को चारों सड़कों का शिलान्यास किया. इसके तहत सदर के टोंबासा से पता गुईरा तक सोसोहातु से कुईदबुसु तक, दुम्बीसाई से बड़ा मौदी तक एवं झींकपानी में मड़कमहातु से कुदापी तक सड़क सुदृढ़ीकरण का कार्य होगा. सभी सड़कों का शिलान्यास पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर किया गया. जर्जर सड़क से जूझ रहे ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई। सड़क बनने की सूचना से ग्रामीणों में खुशी देखी गई. वहीं ग्रामीणों ने मंत्री के प्रति आभार प्रकट किया. ग्रामीणों ने मांदल नगाड़े की धुन पर नाचते गाते परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा का स्वागत किया. इस दौरान मंत्री ने ग्रामीणों के संग बैठक की. ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया. मंत्री ने कहा कि चाईबासा विधानसभा क्षेत्र को विकसित करना मेरी प्राथमिकता है. चुनाव के समय जनता से जो वादा किया गया है, उसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है. क्षेत्र में बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी व अन्य बुनियादी सुविधाओं के प्रति हमारी सरकार सजग और गंभीर है. मौके पर मसीह देवगम, कैलाश, अचल तूराम सामद, सूरज बोयपाई, लागो, झींकपानी प्रखंड प्रमुख प्रदीप तामसोय, सोंगा बुड़ीउली, विनोद गोप, सुंदर गोप, अखिलेश समेत अन्य ग्रामीण और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कैरेज कॉलोनी में रेलवे इंप्लाई वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक

**जमशेदपुर :** रेलवे इंप्लाई वेलफेयर एसोसिएशन की एक बैठक बृहस्पतिवार को बमार्माइंस के कैरेज कालोनी में केंद्रीय अध्यक्ष मनोज मिश्रा की अध्यक्षता में हुई. जिसमें रेल कर्मचारियों के अलावे उनके मुहल्लों में व्याप्त समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया. मनोज मिश्रा ने बताया कि एसोसिएशन एक सामाजिक संगठन है, यह किसी यूनियन से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा नहीं है. एसोसिएशन द्वारा कर्मचारियों की समस्या का समाधान अधिकारियों के साथ वार्ता करके निकला जा रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी एवं आम जनता की हितों को देखते हुए हर रविवार स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम कैरेज कॉलोनी में आयोजित किये जा रहे है.आने वाले समय मे टाटानगर स्टेशन के बाहर स्वास्थ्य जांच शिविर का नियमित आयोजन किया जायेगा. जिसके माध्यम से रेल यात्रियों को लाभ मिलेगा. कार्यक्रम में एसोसिएशन के अधिकारी एसपी विश्वास ने कहा कि रेल कर्मचारी सिर्फ रेल की सेवा ही नहीं करते बल्कि जनहित में भी तत्पर रहते है. आज के बैठक में नागेंद्र प्रसाद, जयनन्दन उर्फ मण्डल पूरी, रवि रंजन, अरबिंद तिवारी एके महतो, आरएल सिंह, विजय दास, अरुप अधिकारी, विकास ठाकुर, सकलदेव प्रसाद, विजय कुमार मास्टर साहब, अनील महतो, लोचन बारी, आशीष कुमार, जीएन बेहरा, अशोक कुमार, रणधीर, पिंटू गोप, आरएन बेहरा सहित काफी संख्या मे सदस्य शामिल थे।

### दो बाइक की टक्कर में दो युवक घायल, एमजीएम रेफर

**जमशेदपुर :** घाटशिला थाना क्षेत्र के बड़ाजुड़ी गांव के समीप गुरुवार की दोपहर दो बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई. इस दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को 108 एम्बुलेंस से अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया. अनुमंडल अस्पताल के डॉ आरएन टुडू ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया. दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर कर दिया। उन्होंने बताया कि शोबान किस्कू के सिर और सुबोध सोरेन के मुंह पर गंभीर चोट है. घायल शोबान किस्कू घाटशिला थाना क्षेत्र के बैतालपुर गांव निवासी बताया जा रहा है. वह दामपाड़ा की ओर से बड़ाजुडी की ओर जा रहा था. अचानक सामने से आ रहे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी. मुसाबनी के बड़ाघाट निवासी घायल सुबोध सोरेन ने बताया कि वह बारेडीह गांव में चल रहा फुटबॉल मैच देखने जा रहा था। इसी दौरान दुर्घटना हुई. उन्होंने बताया कि वह काफी नशे था।

### भाजपा के राज में खनिज संपदा को लूटा गया : रामदास सोरेन



**जमशेदपुर :** उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने आज गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि कि 15 नवंबर 2000 को अलग राज्य गठन के बाद 18 वर्ष तक भाजपा ने राज किया और विकास के नाम पर सिर्फ यहां के खनिज संपदा को लूटने तथा गरीब आदिवासी को यहां से भागने का काम किया. विकास की बात तो दूर घास तक नहीं उखाड़ सका. वह कशीदा पंचायत के माहलेडीह गांव स्थित ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग केंद्र में बिजली उपभोक्ताओं को संबोधित कर रहे थे. इन उपभोक्ताओं के बीच आज मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। रामदास सोरेन ने कहा कि झारखंड सरकार ने गरीब उपभोक्ताओं के घर को रोशन करने का काम किया है. हेमंत सोरेन की सरकार यहां के आदिवासी, मूलवासी व अल्पसंख्यक लोगों पर विशेष ध्यान दे रही है ताकि राज्य का संपूर्ण विकास हो सके. 2024 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को रोकने के लिए कई राज्यों के भाजपा मुख्यमंत्री रांची में जमे हुए हैं. भविष्य में यदि भाजपा की सरकार झारखंड में बनती है तो सबसे पहले इन सभी योजनाओं को बंद करने का काम करेगी और यहां के गरीब आदिवासी को फिर से बिजली बिल का बोझ देकर लूटने का काम करेगी. इसलिए सभी से आग्रह है कि हेमंत सोरेन की सरकार बनी रहे इसके लिए आप सभी एकजुट रहें। इस अवसर पर विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में कुल 47900 उपभोक्ताओं का 39 करोड़ 19 लाख रुपये का बिजली बिल माफ किया गया है. यह वैसे उपभोक्ता हैं जिनकी प्रति माह 200 यूनिट तक बिजली खपत होती थी. . मौके पर ईएसई सुनिल कुमार, रांची के विद्युत कार्यपालक अभियंता अनूप कुमार बिहारी, शाहिद काफी संख्या में विद्युत विभाग के पदाधिकारी एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता उपस्थित थे।

## सिन्दुरीबेड़ा ग्राम पंचायत के मुखिया एवं उसके पति पर भ्रष्टाचार का मामला ग्रामीणों ने लगाया,डीसी, डीडीसी तथा बीडीओ को सौंपा मांगपत्र



**बंदगांव :** प्रखंड के सिन्दुरीबेड़ा ग्राम पंचायत में एक बड़ा भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है. मुखिया सीमा चाम्पिया और उनके पति राजेन्द्र चाम्पिया पर आरोप है कि वे ग्राम सभा के बिना योजनाओं को चला रहे हैं. और फर्जी लाभुक समिति बनाकर योजनाओं का पैसा निकासी कर रहे हैं.ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर पंचायत में हस्ताक्षर अभियान चलाया है.जिसको लेकर पश्चिम सिंहभूम के उपायुक्त, डीडीसी,एसडीओ एवं बीडीओ को मांगपत्र सौंपा. मांगपत्र में कहा गया है कि मुखिया सीमा चाम्पिया और उनके पति राजेन्द्रा चाम्पिया ने पंचायत के फंड का दुरुपयोग करते हैं और अपने निजी हितों को पूरा करने के लिए योजनाओं को चलाया है. उन्होंने कहा सिन्दुरीबेड़ा के मुखिया सीमा चाम्पिया ,पति राजेन्द्रा चाम्पिया के द्वारा डरा धमकाकर मानमानी तरीके से बिना ग्राम सभा किए योजनाओं को चलाना एवं फर्जी तरीके से लाभुक समिति बना कर मुखिया पति के द्वारा योजनाओं का पैसा निकासी कर लिया जा रहा है .जिससे लाभुक समिति को भनक तक नहीं लग पा रहा है.मुखिया के पति ने कहा जिस गांव से वोट नहीं उस गांव को कोई काम नहीं,अपने ही गांव में योजना चला रही है. और आबुवा आवास अपने लोगों को देना एवं जियो टेक के नाम पर 5000 रूपया घुस मांगना, बिरसा सिंचाई कुप सर्वधन योजना 50000 हजार के जगह का 250000 लाभुक से जीएसटी के नाम पर गवन करता है. जिसका पंचायत के सभी ग्रामीणों ने आक्रोशित हो कर हस्ताक्षर अभियान चलाया है इस मामले पर सभी मौजा के मुंडाओं ने भी सहमति की जांच और कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा गया है. इस मौके पर लोहर सिंह हापातगाड़ा, बिनोद तानी बोदरा, ओमास भेंगरा, नन्दराम, तानी बोदरा, बागुन तानी बोदरा, रोशन संडी पुर्ति, सुखराम सन्डीपुर्ति, सोहराय हापातगाड़ा, लेमसा हापातगाड़ा सहित ढाई सौ से अधिक ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर मांगपत्र सौंपा।

## दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी



**जमशेदपुर :** शारदीय नवरात्र प्रारंभ होने के साथ ही दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं. उपायुक्त अनन्य मित्तल, एसएसपी किशोर कौशल, सिटी एसपी ऋषभ गर्ग समेत अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों ने दुर्गा पूजा कमिटी के पदाधिकारियों के साथ बागबेड़ा बड़ौदा घाट का निरीक्षण किया. बड़ौदा घाट जाने के दौरान नाला पर बने पुल की रेलवे द्वारा चारपहिया वाहनों का प्रवेश वर्जित किए जाने पर सिदो कान्हू मैदान के रास्ते विसर्जन जुलूस ले जाने का निर्देश दिया। साथ ही उक्त रास्ते का निरीक्षण किया. मौके पर मौजूद पूजा कमिटी के पदाधिकारियों से कहा कि बड़ी प्रतिमाएं एवं बड़े वाहन परिवर्तित मार्ग से नहीं जाएंगे. इसका ख्याल रखें. 407 वाहन में आने वाली छोटी प्रतिमाएं ही उस रास्ते से जाएंगी. आने-जाने का रास्ता काफी खराब होने पर अधिकारियों को इसकी तुरंत मरम्मत करने के लिए कहा।

अधिकारियों ने पर्याप्त विद्युत व्यवस्था, विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से घाटों पर बैरिकेडिंग किये जाने, ससमय साफ-सफाई सुनिश्चित कराने तथा विसर्जन के दौरान सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए. उपायुक्त ने कहा कि इस बार विसर्जन जुलूस के साथ-साथ प्रतिमा विसर्जन की भी ड्रोन से निगरानी की जाएगी. इस दौरान घाट पर गहरे पानी में कोई नहीं जाए. इसके लिए लाल निशान लगाएं जाएंगे. गोताखोर की व्यवस्था रहेगी. उपायुक्त ने सभी दुर्गा पूजा समिति से अपील की कि तय समय पर विसर्जन करें जिससे विधि व्यवस्था बनाए रखने में कोई बाधा नहीं उत्पन्न हो।

**नदी किनारे फिसलन वाले क्षेत्रों में नहीं जाएं :** डीसी उन्होंने कहा कि घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे, पूजा समिति दुर्गा पूजा को सफल संपन्न कराने में आवश्यक सहयोग प्रदान करें. उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि नदी किनारे फिसलन वाले क्षेत्रों में नहीं जाएं, अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें. मौके पर पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम शताब्दी मजूमदार, जिला परिषद सदस्य कविता परमार, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के महासचिव आशुतोष सिंह, सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति के महासचिव ललन यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

झारखण्ड के लिए बना इतिहास

## राजधानी रांची वासियों की पूर्ण हुयी आस

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं नगर विकास विभाग के सुनील कुमार का प्रयास रहा काफी उपयोगी



बिनय मिश्रा

**झारखण्ड** की राजधानी राँची में राज्य का पहला बहुप्रतिक्षित ट्रांस्पोर्ट नगर फेज-एक का उद्घाटन और जनता को समर्पित। यह सुविधा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा दुर्गा पूजा के अवसर पर लोगों के लिए अनुपम उपहार है। मुख्यमंत्री के द्वारा राज्य में विकास कार्य को दी जा रही भरपुर गति एवं जनसुविधा काफी प्रशंसनीय है। मुख्यमंत्री के द्वारा राज्य के राजधानीवासियों के लिए यह सुविधा निश्चित तौर पर काफी उपलब्धि भरा है और इसका उद्घाटन तथा जनता को समर्पण निश्चित तौर पर मुख्यमंत्री के लिए उपलब्धि भी है। मुख्यमंत्री ट्रांस्पोर्ट नगर फेर-दो की आधारशीला रखकर भी यह संदेश दिया है कि झारखण्ड का विकास जनता की इतिहास और पांच वर्षो के कार्यकाल में राज्य सरकार ने विकास कार्यो को भरपुर गति दी है। वहीं इस उपलब्धि और एतिहासिक कार्य को नगर विकास एवं आवास मंत्री हफीजुल अंसारी तथा नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार के पदस्थापनाकाल के दौरान यह उपलब्धि और गौरवगाथा संपन्न हुयी। गौरतलब हो कि भारतीय प्रशासनिक सेवा 1999 बैच के प्रधान सचिव स्तर के आईएएस अधिकारी सुनील कुमार इससे पूर्व झारखण्ड विधानसभा का निर्माण भवन निर्माण सचिव रहते कराया था जो आज भी यह विधानसभा काफी अलौकिक और सुविधाजनक के साथ-साथ काफी सुन्दर सुदृढ़ बना है। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि मुख्यमंत्री का पूर्ण प्रयास प्रधान सचिव के द्वारा किये गये विकास झारखण्ड की राजधानी के लिए काफी बेहतर और उपलब्धि भरा है।

### राम मंदिर प्रांगण में नवरात्र पूजा हुआ प्रारंभ

ज्योति पाठक



**लोको** स्थित राम मंदिर में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी नवरात्र पूजा का आयोजन किया गया है और माँ दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। इसके दर्शन हेतु दुर दराज से भी भक्तजन और श्रद्धालु आ रहे हैं और माँ की पूजा और दर्शन कर रहे हैं। माँ दुर्गा की प्रथम रूप माँ शैलपुत्री का पूजन मंदिर के पूजारी नित्यानन्द पाण्डे के द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री पाण्डे ने बताया कि प्रतिवर्ष मंदिर प्रांगण में नवरात्र पूजा का आयोजन किया जाता है और यह पूजन काफी हर्षोल्लास और उमंग के साथ किया जाता है। भक्तजनों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है और उनके द्वारा भी माँ की पूजा की जाती है। गौरतलब हो कि राम मंदिर प्रांगण में प्रति दिन पूजा संपन्न होता है कि किन्तु इस परिसर में सभी त्योहार के अवसर पर विशेष रूप से पूजा का आयोजन किया जाता है।